

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

2 पेज

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 92 | ग्वालियर, मंगलवार, 10 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# जोशीमठ पहुंची केंद्र के विशेषज्ञों की टीम, कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा, कहा- राष्ट्रीय आपदा करें घोषित

उत्तराखंड के जोशीमठ की आपदा पर कांग्रेसी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. पवन खेड़ा बोले- तबाही के लिए सरकार की लापरवाही जिम्मेदार, पीएमओ तत्काल रोके सुरंगों का काम, पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए.उत्तराखंड के जोशीमठ को सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है. इसके साथ ही जोशीमठ और आसपास के इलाकों में निर्माण-कार्य रोक दिए गए हैं. प्रभावित इलाकों से लोगों को शिफ्ट करने का एक्शन प्लान भी केंद्र सरकार ने तैयार किया है. सरकार के विशेषज्ञों की टीम जोशीमठ में ही है, जो हालात का जायजा ले रही है. इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रेस कॉन्?फ्रेंस कर बीजेपी सरकार पर कई आरोप लगाए. कांग्रेसी नेताओं ने कई मांगें भी उठाई.कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि देवस्थल जोशीमठ में घर, मंदिर टूट रहे हैं. शिवलिंग तक में दरार आ गई, और दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं. उन्?होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संज्ञान तब लिया, जब सब कुछ टूट गया. बता दें कि जोशीमठ मामले को लेकर सोमवार, 9 जनवरी को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, देवेंद्र यादव आदि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसमें पवन खेड़ा ने



कहा कि यूपीए सरकार पर्यावरणविदों का संज्ञान लेती थी, लेकिन मौजूदा सरकार ऐसा नहीं करती.जोशीमठ में टाइम बम लगा हुआ है- कांग्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, उत्तराखंड के जोशीमठ में यह जो त्रासदी हुई है, इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए. उन्होंने कहा कि यह मानव निर्मित आपदा है. जिस सुरंग को कारण बताया जा रहा है उसका काम बंद हो, अन्य सुरंगें भी भरी जाएं.उत्तराखंड कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा, सीएम ने केवल दिखावे के लिए जोशीमठ का दौरा किया. जिन कांग्रेस नेताओं ने सीएम से मिलना चाहा उन्हें हिरासत में ले लिया गया. पूरे मामले में सरकार की लापरवाही और असंवेदनशीलता सामने आई है.कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि बिना सोचे समझे, बिना प्रकृति की सुरक्षा किए जो मोदी सरकार ने अनियंत्रित विकास किया है, उसका खामियाजा आज जोशीमठ की जनता भुगत रही है.

**कांग्रेस नेताओं ने उठाई ये मांगें**-प्रत्येक परिवार को राज्य सरकार आर्थिक मदद दे और केंद्र सरकार भी उचित मुआवजा दे. केवल 5 हजार रुपये का मुआवजा एक क्रूर मजाक है.रेलवे का कोई भी कार्य जिसमें पर्वतीय आपदा का जतरा हो उसे बंद किया जाए. उसका गहरा अध्ययन कर ही कार्यों को चरणबद्ध तरह से मंजूरी दी जाए.

## एक नजर

### दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित



देश की राजधानी दिल्ली हाड़ कंपाने वाली ठंड की चपेट में है जहां पारा पर्वतीय शहरों चंबा, डलहौली, धर्मशाला और नैनीताल से भी नीचे गिर गया है. सड़कों पर सुबह और शाम कोहरा पसरा रहता है दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित, सर्दी के सितम के चलते स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है और गलनभरी ठंड के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रकोप के कारण स्कूलों की छुट्टी 15 जनवरी तक बढ़ा दी है और निजी स्कूलों को भी ऐसा करने की सलाह दी है. दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित,दिल्ली में सोमवार को लगातार पांचवें दिन शीतलहर का दौर जारी रहा और दृश्यता घटकर महज 25 मीटर रह गई. दिल्ली में शीतलहर के कारण न्यूनतम तापमान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों से भी कम रहा. दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के पास पालम वेधशाला में दृश्यता 50 मीटर और सफदरजंग वेधशाला में दृश्यता 25 मीटर दर्ज की गई.दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित, रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि कोहरे के कारण 267 ट्रेनें अपने तय समय से देरी से चल रही हैं. आईजीआई पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के कारण पांच उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 30 ने देरी से उड़ान भरी.दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित, देखें तस्वीरेंदिल्ली में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई. सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो रविवार को 1.9 डिग्री सेल्सियस रहा था. रविवार को दर्ज तापमान दो साल में सबसे कम और 2013 के बाद से इस महीने का दूसरा सबसे कम तापमान था. दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावितसफदरजंग वेधशाला में रविवार को न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस, शनिवार को 2.2 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को चार डिग्री सेल्सियस, बृहस्पतिवार को तीन डिग्री सेल्सियस और बुधवार को 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था.दिल्ली में सर्दी का सितम जारी, सड़क, रेल, हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित,आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में लगातार पांचवे दिन शीतलहर का कहर जारी रहा और न्यूनतम तापमान चंबा (8.7 डिग्री सेल्सियस), डलहौजी (नौ डिग्री सेल्सियस), धर्मशाला (9.2 डिग्री सेल्सियस), शिमला (10.3 डिग्री सेल्सियस), मनाली (छह डिग्री सेल्सियस), कांगड़ा (8.9 डिग्री सेल्सियस), देहरादून (6.5 डिग्री सेल्सियस), मसूरी (11.3 डिग्री सेल्सियस), नैनीताल ( छह डिग्री सेल्सियस), मुक्तेश्वर (7.6 डिग्री सेल्सियस) और टिहरी (9.2 डिग्री सेल्सियस) जैसे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों से भी कम रहा.

### अमेरिका में कहर मचाने वाले कोरोना के नए वेरिएंट के एक और केस की पुष्टि



अमेरिका में कहर मचाने वाले कोरोना के नए वेरिएंट के एक और केस की पुष्टि, जानें किस राज्य में कितने हैं मामले कोविड सैंपल की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी अमेरिका में कोरोना के मामलों में तेजी के लिए जिम्मेदार-19 के 1.5 वेरिएंट का भारत में एक नया केस मिला है. सोमवार (9 जनवरी) को जारी किए गए के आंकड़ों के अनुसार, इस नए केस के बाद देश में इस वेरिएंट के मामलों की कुल संख्या आठ हो गई है. भारतीय -2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम ने कहा कि वेरिएंट का नया मामला पिछले 24 घंटों में उत्तराखंड में पाया गया जबकि इससे पहले गुजरात में तीन मामले, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में एक-एक मामले पाए गए थे.1.5 स्ट्रेन ओमिक्रोनवेरिएंट का रिलेटिव है, जो ओमिक्रोन 2.10.1 और2.75 सब-वेरिएंट्स का पुनः संयोजक है. और .1.5 के अमेरिका में 44 प्रतिशत मामले हैं. के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि 7 स्ट्रेन के भी नौ मामले पाए गए हैं, जो जाहिर तौर पर चीन में कोरोनावायरस की नई लहर के लिए जिम्मेदार है. सब-वेरिएंट .7 के भी मामले बढ़ेपश्चिम बंगाल में कोरोना के वेरिएंट ओमिक्रोन के सब-वेरिएंट के चार मामले, गुजरात और हरियाणा में दो-दो और ओडिशा में एक मामला दर्ज किया गया है. ने भारत में आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के नमूनों के अनुक्रमण के माध्यम से देश भर में -2 की जीनोमिक निगरानी की रिपोर्ट दी.

### 27 नदियां, 50 पर्यटन स्थल और 32 हजार चरूकी दूरी, वाराणसी से पीएम मोदी का सपना और रोमांच लेकर चलेगा गंगा विलास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को अपने सपनों के क्रूज एमवी गंगा विलासको हरी झंडी दिखाएंगे. यह दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज है जो कि गंगा नदी से शुरू होकर ब्रह्मपुत्र नदी डिब्रूगढ़ तक का सफर तय करेगा.बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में हर साल करोड़ों श्रद्धालु गंगा नदी पहुंचते हैं. यहां लाखों की तादाद में पर्यटक भी आते हैं और बोटिंग का आनंद लेते हैं. लेकिन अब गंगा विलास क्रूज के जरिए उन्हें गंगा दर्शन का एक अनोखा और अद्भूत आनंद लेने का मौका मिलेगा. अब तक हमने इस तरह के लग्जरी क्रूज को सिर्फ फिल्मों में या विदेशों में ही देखा है. लेकिन कितना खूबसूरत नजारा होगा जब वराणसी के गंगा नदी के बीच एक आलीशान क्रूज तैरता नजर आएगा और पर्यटक 5 स्टार जैसी सुविधाओं के साथ गंगा दर्शन कर सकेंगे.

## न दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने लिखी सीएम केजरीवाल को चिट्ठी, जानिए मचेगा बवाल या खत्म होगी तनातनी

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और सीएम अरविंद



केजरीवाल के बीच एमसीडी में एल्डरमैन मनोनीत करने को लेकर तनातनी खत्म नहीं हुई है. इस बीच एलजी वीके सक्सेना ने सोमवार (9 जनवरी) को सीएम केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर उन्हें मीटिंग के लिए आमंत्रित किया है. इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने एलजी को चिट्ठी लिखकर उन पर अपनी शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाया था.एलजी वीके सक्सेना ने चिट्ठी में लिखा कि मैं इस बात की सराहना करता हूं कि आपने शहर में गवर्नेंस को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है और राजधानी के प्रशासन से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों और कानूनों की पेचीदगियों में जाने लगे हैं. एलजी ने लिखा कि स्पष्टता के लिए मैं आपको मीटिंग के लिए आमंत्रित करना चाहता हूं जहां हम इन मुद्दों को डिस्कस कर सकें.

**विधानसभा चुनावों के दौरान सीएम थे व्यस्त**-वीके सक्सेना ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि अक्टूबर तक हम नियमित रूप से मिलते थे, लेकिन उसके बाद आपने विधानसभा चुनावों में व्यस्तता के चलते मिलने में असमर्थता जताई. अब चुनाव खत्म हो गए हैं, ऐसे में शहर में संघर्ष मुक्त गवर्नेंस और जनहित के लिए ऐसी मीटिंग फिर शुरू होनी चाहिए. बता दें कि पिछले कुछ दिनों से अरविंद केजरीवाल लगातार उपराज्यपाल पर संवैधानिक प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे थे.

## ऋषभ पंत के एक्सीडेंट और कुछ अपराधों की रिपोर्टिंग खराब, सरकार ने टीवी चैनलों को जारी की एडवाइजरी

केंद्र सरकार ने क्रिकेटर ऋषभ पंत के कार हादसे और कुछ अपराधों की टेलीविजन कवरेज को सोमवार (9 जनवरी) को 'खराब' और 'दुखद' करार दिया. इसी के साथ सरकार ने टीवी समाचार चैनलों को संबंधित कानून के तहत निर्धारित कार्यक्रम संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा.सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी समाचार चैनलों को एक परामर्श जारी किया. इसमें पंत की कार दुर्घटना की रिपोर्टिंग, शवों की तस्वीरों और पांच साल के बच्चे की पिटाई जैसी घटनाओं के प्रसारण का हवाला दिया गया. मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग गरिमा को प्रभावित करती है

## गृह मंत्रालय ने खालिस्तान टाइगर फोर्स के अर्शदीप सिंह गिल को आतंकी घोषित किया



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालिस्तान टाइगर फोर्स के सहयोगी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ ??अर्श डाला को आतंकवादी घोषित किया गया है. अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला पर पंजाब में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. बीते दिनों जगराओं के एक गांव में घर में घुसकर एक व्यक्ति की हत्या की गई थी, इसकी जिम्मेदारी अर्श डाला ने ली थी. शनिवार (7 जनवरी) को पुलिस ने अर्श डाला से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी. यह कार्रवाई आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने की योजना का हिस्सा थी. पुलिस ने अर्श डाला को मोस्ट वांटेड अपराधी घोषित कर रखा है. उस पर हत्या, अपहरण और लूट से जुड़े दर्जनों केस दर्ज हैं. पुलिस से बचने के लिए अर्श डाला कनाडा भाग गया था. पंजाब पुलिस के अनुसार, वह गैंगस्टर से आतंकवादी बन चुका है. कनाडा से वह आतंकवादी संगठन खालिस्तान टाइगर्स फोर्स चलाता है. भारत में आतंक फैलाने के लिए वह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए सीमा पार ड्रग्स और हथियार भेजने के कारोबार में शामिल है.

## आरोपी शंकर मिश्रा ने क्यों पी थी शराब

एयर इंडिया की न्यू यॉर्क-दिल्ली फ्लाइट में हुए यूरिन कांड में आरोपी शंकर मिश्रा गिरफ्तार हो चुका है. अब इस केस में एक चश्मदीद भी मीडिया के सामने आया है. आरोपी शंकर मिश्रा के साथ में यात्रा करने वाले अमेरिकी डॉक्टर सुगत भट्टाचार्य ने इस दौरान क्या हुआ था, इसकी पूरी जानकारी दी है. उन्होंने मीडिया को बताया कि आरोपी ने फ्लाइट में कैसे इस घटना को अंजाम दिया था और फ्लाइट स्टाफ ने क्या किया था? भी बुजुर्ग महिला को नई सीट न देने का आरोप लगाया है. डॉ. भट्टाचार्य ने एनडीटीवी को बताया कि शंकर मिश्रा नशे में पूरी तरह से धुत था और वह बहकी-बहकी बातें कर रहा था. वह एक ही सवाल को बार-बार पूछ रहा था. उन्होंने कहा, ÷शंकर मिश्रा ने चार बार ड्रिंक्स ली थी और फिर उनसे एक ही सवाल कई बार पूछ रहा था. मैंने अपना लंच समाप्त करते हुए फ्लाइट अटेंडेंट को उस पर नजर रखने के लिए कहा था.÷ डॉ. भट्टाचार्य ने बताया कि फ्लाइट में आरोपी मिश्रा से उनकी बातें हुई थीं. आरोपी ने उन्हें शराब पीने का कारण भी बताया था. भट्टाचार्य के मुताबिक, आरोपी मिश्रा शराब पी रहा था क्योंकि उसका दिन बहुत लंबा था और वे ठीक से सोया नहीं था. भट्टाचार्य ने कहा, ÷उसने मुझे बताया कि वह रात को अच्छी नींद लेने के लिए शराब पीता है.÷ इस बातचीत के कुछ ही देर बाद शंकर मिश्रा कथित तौर पर एक 70 वर्षीय महिला के पास गए, जिप खोली और पेशाब कर दिया. भट्टाचार्य ने बताया, ÷पीड़ित महिला काफी सभ्य थी. दो जूनियर एयर होस्टेस ने सीट को साफ किया. पेशाब की गंध वाली सीट पर कंबल रख दिए. मैं सीनियर एयर होस्टेस के पास गया और उन्हें दूसरी सीट देने के लिए कहा. लेकिन उसने कहा कि वह ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि उन्हें कप्तान से अनुमति लेनी होगी.÷ भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि क्रू मेंबर्स मिश्रा की सीट उन्हें दे सकता था, लेकिन उन्होंने वैसा कुछ नहीं किया. जब विमान दिल्ली में उतरा, तो एयर इंडिया ने शंकर मिश्रा पर कोई कार्रवाई नहीं की और वह एयरपोर्ट से बाहर चला गया.

**6 जनवरी को गिरफ्तार हुआ था आरोपी**-वहीं एक दिन बाद महिला ने भयावह घटना के बारे में एयर इंडिया समूह के अध्यक्ष को लिखा.

## कंझावला केस के 6 आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा, कोर्ट ने पुलिस से पूछे सख्त सवाल

दिल्ली के कंझावला केस के आरोपियों को सोमवार (9 जनवरी) को रोहिणी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया. रोहिणी कोर्ट (ऋभद्धद्वठुद्व ष्टथ्रह्वह्ल) ने सभी छह आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने आरोपियों का कथित तौर पर बचाव करने वाले मामले के एक अन्य आरोपी अंकुश खन्ना को शनिवार को जमानत दे दी थी. पुलिस ने इस मामले में पहले दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्ण (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया था. बाद में, आशुतोष



और अंकुश खन्ना को गिरफ्तार किया गया था. कोर्ट में आरोपी आशुतोष के वकील ने जमानत याचिका लगाई और कहा कि मेरी गलती सिर्फ इतनी है कि मैंने पुलिस को बिना बताये कार पार्क कर दी थी. पुलिस ने कहा कि इसके रोल कि जांच जारी है. पुलिस ने जमानत का विरोध किया. पुलिस ने कहा कि जरूरत हुई तो अगले कुछ दिनों में फिर हिरास्त में ले सकते हैं.

## 27 नदियां, 50 पर्यटन स्थल और 32 हजार चरूकी दूरी, वाराणसी से पीएम मोदी का सपना और रोमांच लेकर चलेगा गंगा विलास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को अपने सपनों के क्रूज एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाएंगे. यह दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज है जो कि गंगा नदी से शुरू होकर ब्रह्मपुत्र नदी डिब्रूगढ़ तक का सफर तय करेगा.बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में हर साल करोड़ों श्रद्धालु गंगा नदी पहुंचते हैं. यहां लाखों की तादाद में पर्यटक भी आते हैं और बोटिंग का आनंद लेते हैं. लेकिन अब गंगा विलास क्रूज के जरिए उन्हें गंगा दर्शन का एक अनोखा और अद्भूत आनंद लेने का मौका मिलेगा. अब तक हमने इस तरह के लग्जरी क्रूज को सिर्फ फिल्मों में या विदेशों में ही देखा है. लेकिन कितना खूबसूरत नजारा होगा जब वराणसी के गंगा नदी के बीच एक आलीशान क्रूज तैरता नजर आएगा और पर्यटक 5 स्टार जैसी सुविधाओं के साथ गंगा दर्शन कर सकेंगे. इस क्रूज को साल 2018 से प्रमोट किया गया था और इसे साल 2020 में ही लॉन्च किया जाना था. हालांकि, कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हो गई. 50 दिनों के इस सफर में लग्जरी बोट गंगा-भागीरथी-हुगली, ब्रह्मपुत्र और वेस्ट कोस्ट नहर सहित भारत में 27 नदी प्रणालियों के साथ 3,200 किलोमीटर की यात्रा करेगी.

**52 दिन की यात्रा पर निकलेगा क्रूज** -इस क्रूज 13 जनवरी को 52 दिन की यात्रा



के लिए वाराणसी से निकलेगा. इस यात्रा के दौरान यहां 32 विदेशी मेहमानों भी होंगे. यह क्रूज भारत और बांग्लादेश के कुल 27 रिवर सिस्टम्स से होकर गुजरेगा. इनमें गंगा-भागीरथी-हुगली, ब्रह्मपुत्र और वेस्ट कोस्ट नहर भी शामिल हैं. इसके अलावा यह कोलकाता, पटना, कोलकाता, धुबरी, ढाका, गुवाहाटी और माजुली द्वीप से होते हुए भी गुजरेगा.

**फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं**-क्रूज पर एक शानदार रेस्तरां, स्पा, जिम और सनडेक की सुविधाएं भी मौजूद हैं. इस रेस्टोरेंट में कॉन्टिनेंटल और भारतीय व्यंजन परोसने वाले बुफे काउंटर हैं. इस क्रूज पर यात्रियों को पर्सनल बटलर की सुविधा भी दी जाएगी. क्रूज के अपर डेक पर यात्रियों के लिए एक बार भी बनाया गया है, जिसमें आरामदायक कुर्सियों के साथ कॉफी टेबल्स भी बनाई गई हैं. यात्रियों को फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं देने के लिए क्रूज पर सनबाथ और ओपन डेक पर पार्टी करने की भी सुविधा दी गई हैं.

**गंगा विलास क्रूज की खासियत**-गंगा विलास क्रूज 62 मीटर लंबा, 12 मीटर चौड़ा और 1.4 मीटर के ड्राफ्ट के साथ चलता है.इस क्रूज में यात्रियों के लिए रेस्तरां, संगीत, जिम, स्पा, आदि तमाम लग्जरी सुविधाएं हैं.गंगा विलास क्रूज तीन डेक हैं. इस क्रूज में 80 यात्रियों की क्षमता है.इस क्रूज को साल 2018 से प्रमोट किया गया था.यह क्रूज सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा नेशनल पार्क के पास से भी होकर गुजरेगा.

# मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के चाहिता नेता बने चमन लाल बघेल

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग- मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी करने जा रहे है। इस संबंध में मोर आवास मोर अधिकार की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में तथा देवभोग के बैठक में मार्गदर्शन दिया गया। जिसमे ग्राम पंचायत खुटगांव प्रभारी चमन बघेल ने हितग्राहीयों से भेंट केंद्र सरकार के योजनाओं कि जानकारी दी। इसी कड़ी में मोर आवास मोर अधिकार के तहत चमन बघेल ने कहा भाजपा ने मंच से राज्य सरकार के खिलाफ कई मुद्दों पर आवाज बुलंद करने की कोशिश की,प्रमुख मुद्दों के तौर पर भाजपा ने प्रधानमंत्री आवास के रुके हुए मामलों को उठाया है। चमन लाल



बघेल क्षेत्र में लगातार दौरा कर भाजपा संगठन को मजबूत और एकसूत्र मे बांधने का कार्य कर रहे हैं। चमनलाल बघेल क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं मे से एक हैं जिनके एक आवाज देने पर सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर संगठन के लिए खड़ हो जाते है।चमनलाल बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना बनाकर गरीबों के सपने को साकार करने का बीड़ा उठाया है, ताकि गरीबों को पक्का मकान मिल सके। लेकिन आज छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में मोर आवास-मोर अधिकार, रोक के रखे हे कांग्रेस सरकार का नारा गूंज रहा है। क्योंकि राज्य की कांग्रेस सरकार ने राज्यांश के नाम पर 11 लाख से अधिक गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास रोक दिया हैं, इसलिए आज गांव-गांव में यह नारा गूंज रहा है।चमनलाल बघेल ने कहा बहुत जल्द समस्या का समाधान होगा हर गरीब को घर मिलेगा।




## नए जिला संयोजक रंजन का गोहरापदर पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के 55 में प्रांत अधिवेशन में नई कार्यकारिणी घोषणा में गोहरापदर के रंजन यादव गरियाबंद ज़िले के नए ज़िला संयोजक नियुक्त हुए.रंजन के ज़िला संयोजक बनने पूरे ज़िले में हर्ष की लहर व्याप्त है.लेकिन गृह इकाई गोहरापदर के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखा इसी तारतम्य में गोहरापदर के नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी के नेतृत्व में सभी अभाविप कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.बस स्टैंड में आतिशबाजी और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत के पश्चात रैली के रूप में अभाविप कार्यकर्ता रंजन के स्वागत में नारेबाज़ी करते हुए हनुमान मंदिर,दुर्गा मंदिर,जगगनाथ मंदिर में दर्शन करते हुए शिव मंदिर पहुँचे.जहाँ ज़िला संयोजक रंजन यादव ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की छात्रों के हित के लिए विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित में कार्य करते है.हमारे सोच राष्ट्रवाद की है इसे को हर छात्र तक पहुँचाने का कार्य हमें करना है और आप सभी कार्यकर्ता साथियों के सहयोग से हम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कआगे बढ़ाने और मजबूत करने का कार्य करेंगे.

इस दौरान प्रमुख रूप से नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी, विवेक यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक यादव, सहमंत्री कृष्णकांत वैष्णव,ठाकुर पाथर, मुकेश नायक, दीपक कश्यप, चंचल कुमार, तेजश बीसी, भक्तचरन दौरा, झसमोद चक्रधारी, विजय सोनवानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.



## युवा दिवस 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

शिवपुरी। राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी प्रदेश के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे। युवा दिवस पर प्रदेश की समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायतों, आश्रम शालाओं में प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन भी होगा। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार या प्राणायाम पूर्व की भांति रेडियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के रिकार्डेड संदेश प्रसारित कर कार्यक्रम किए जाएंगे। सूर्य नमस्कार का आयोजन समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ एक संकेत पर किया जाएगा। वहीं जिन शिक्षण संस्थाओं में मैदान नहीं है वे अपने विद्यार्थियों के लिए निकटतम संस्था या मैदान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

## विद्यार्थी परिषद के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

विद्यार्थी परिषद के जिला सम्मेलन के निमित्त बनाए गए कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार आलोक इंदौरिया तथा प्रांत अध्यक्ष प्रो धर्मेंद्र सिंह राजपूत के मुख्य अतिथि मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम उद्घाटन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आलोक इंदोरिया ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं छात्र उद्घोष जिला सम्मेलन के माध्यम से मेरी मातृ संस्था से 40 साल बाद पुनः जुड़ रहा हूं। विद्यार्थी परिषद में I0-80 के दशक में संगठन के लिए जो संघर्ष हमने कार्यकर्ता रहते हुए किया था वह संगठन आज एक वटवृक्ष के समान हर कैंपस तक फैला देखकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत ने कहा कि यह जिला सम्मेलन हम सभी कार्यकर्ताओं के संघर्ष संपन्न होगा। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने तन मन धन से लगकर इस जिला सम्मेलन को भव्यतापूर्ण रूप में संपन्न करना है। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा,प्रांत छात्रा प्रमुख अनुप्रिया तवर,विभाग छात्रा प्रमुख ऐश्वर्या शर्मा,विवेक धाकड़,दीप ओझा,डॉ आनंद मिश्रा,अविनाश समाधिया,रोहन पाल,सीमा ओझा,ईशु शर्मा,रमन राठौर,शुभम श्रीवास्तव, उदय शर्मा के साथ एक सैकड़ा से अधिक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला सम्मेलन छात्र उद्धोष 21 जनवरी को शिवपुरी के गांधी पार्क मैदान में आयोजित होगा

**इस जिला सम्मेलन में पूरे जिले भर से 2500 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित होंगे**

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी-जिला सम्मेलन की जानकारी देते हुए विभाग संयोजक आदित्य पाठक ने बताया कि विद्यार्थी परिषद अपने I5वे वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अमृत महोत्सवी वर्ष में विद्यार्थी परिषद के द्वारा संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर वर्ष भर में एक करोड़ वृक्षारोपण का वृक्ष मित्र अभियान, सदस्यता अभियान तथा 10+2 स्थान तक कार्यकारिणी बनाने जैसे कई अभियान चलाए गए हैं। इस अमृत महोत्सवी वर्ष में यह जिला सम्मेलन विद्यार्थी परिषद का एकमात्र संख्यात्मक कार्यक्रम होगा। इस जिला सम्मेलन में विद्यार्थी परिषद के द्वारा जिले की वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था तथा जिले के वर्तमान परिदृश्य पर प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। इन प्रस्तावों में जिले की शैक्षणिक जगत के कई मुद्दों तथा वर्तमान परिदृश्य मे जिले की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई जाएगी। इन प्रस्तावों के लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिले भर में सर्वे करेंगे तथा उसी सर्वे के आधार पर यह प्रस्ताव बनाए जाएंगे। इस जिला सम्मेलन में उद्घाटन के पश्चात शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा गांधी पार्क से कस्टम गेट, आर्य समाज रोड़,14 नंबर कोठी, कोर्ट रोड़, अस्पताल चौराहा,अग्रसेन चौक, राजेश्वरी रोड़,गुरुद्वारा होते हुए माधव चौक पर खुले मंच से जिलेभर के छात्रनेताओं के भाषण के साथ समाप्त होगी।

## भाजपा और कांग्रेस अगर सेवढ़ा विधानसभा में ओबीसी वर्ग की हितेषी है तो दोनो पार्टि ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधी को टिकट हैं

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे**



ये में दावे के साथ करता हूँ, कि इक बार भाजपा हो या कांग्रेस अगर ओबीसी वर्ग की इतनी हितेषी है, तो कांग्रेस से टिकट ओबीसी वर्ग प्रतिनिधी को टिकट मिलना चाहिए, तथा एक हजार प्रतिशत सीट निकलेगी पार्टी की ये कहना हैं रोहित कुशवाह रामगढ दतिया का इसके अतिरिक्त भाजपा 18 साल से म. प्र. में है, वो भी ओबीसी वर्ग भला नही कर पाई उसके पहले कांग्रेस भी सत्ता में रही है, दोनों पार्टियां ओबीसी वर्ग को उसके संविधानिक अधिकार देने में नाकाम रही वह भी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नही दिला सकी। बिहार में अभी हाल ही में जातिगत जनगणना चालू (हुई है, क्या म. प्र. सरकार ऐसा करेगी।

# एप्पल कंपनी के मोबाइल तथा नगदी की चोरी करने बाले दो युवकों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में मोबाइल दुकान से चोरी हुए एक 40 हजार कीमत का एप्पल कंपनी का मोबाइल तथा 50 हजार नगदी प्रकरण में दो युवाओं को आज सोमवार को गिरफ्तार किया तथा घटना में चोरी हुआ मोबाइल व नगदी भी बरामद की है। फरियादी आकाश खांन पुत्र निसार खान उम्र 32 साल निवासी छावनी शिवपुरी ने 13 दिसम्बर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात चोरों ने

### मोबाइल व नगदी बरामद किया

फरियादी की दुकान से एक 40 हजार कीमत का एप्पल कंपनी का मोबाइल तथा 50 हजार नगदी की चोरी की गई है। जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 905 /22 धारा 457 380 भादवि कायम कर विवेचन में लिया गया। अपराध शहर के बीचोबीच घटित हुआ था तो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री राजेश सिंह चंदेल ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को अपराध की खुलासे के लिए निर्देश दिए। उक्त संपूर्ण प्रकरण अनुभाग शिवपुरी के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस टीम के उपनिरीक्षक दीपक पलिया, प्रधान आरक्षक नरेश यादव, आरक्षक अजीत राजावत, आरक्षक भूपेंद्र यादव, आरक्षक महेंद्र तोमर ने घटना की छानबीन की। पुलिस टीम ने घटना में शामिल दो युवाओं को आज सोमवार को गिरफ्तार किया एवं घटना में चोरी हुआ मोबाइल व नगदी भी बरामद की है।

## बिल्किस जाफरी महिला पिछड़ा वर्ग शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- महिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की जिला अध्यक्ष कु. शिवानी राठौर द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के आदेशानुसार एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक के पी सिंह कक्काजू, प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला प्रभारी रश्मि पवार जी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीं प्रकाश शर्मा जी की अनुशंसा से बिल्किस जाफरी को महिला पिछड़ा वर्ग शहर ब्लॉक कांग्रेस शिवपुरी की शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जाफरी पिछले कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निष्ठावान कार्यकर्ता रही हैं। उनके कार्य व्यवहार एवम कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए कु. शिवानी राठौर ने आज उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा एवं शुभकामनाएं देते हुए कु. शिवानी राठौर ने बताया कि जाफरी पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कर्तव्य निष्ठा के साथ समस्त दायित्वों का निर्वहन करेंगी। इस अवसर पर कु. शिवानी राठौर सहित अन्य सभी पिछड़ा वर्ग महिला कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रदान की।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग सीएम हैल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण एवं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण में फोकस करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार,एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त विभाग सीएम हैल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण प्राथमिकता से करें साथ ही सभी विभाग शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण एवं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण में फोकस करें ताकि जिले की ग्रेडिंग में कमी न आए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक किया जाए, बिना कार्यवाही के कोई भी शिकायत लम्बित नहीं रहे। कलेक्टर ने भू-माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया से लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण तथा अवैध शराब बनाने वाले एवं अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के क्रियान्वयन में गति लाने पर जोर देते हुए कहा कि योजना के तहत् जो प्रकरण दर्ज हो गये हैं उनका



त्वरित निराकरण किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे प्रदान करने, भू-माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास शहरी बीएलसी घटक के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण में जीओ टैगिंग, स्टार्ट वर्क, नोट स्टार्टेड वर्क एवं प्रथम किस्त के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत रोड रेस्टोरेशन, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों पर जल जीवन मिशन कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बड़ती सर्दी के दृष्टिगत समस्त सीएमओ को निर्देशित कर कहा कि सभी नगर पालिका/नगर परिषद में सर्दी से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम जनमानस एवं आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सर्दी से बचाव के लिए नगर के मुख्य चौराहों, रेल्वे स्टेशन के बाहर बस स्टैंड एवं वार्डों में अलाव की व्यवस्था सुचारू रूप से करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबल 2.0 योजना में पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। अनुग्रह सहायता में पेंडिंग आवेदन को क्लियर करने निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष बचे पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं विभिन्न उपकरण वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धारणाधिकार, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, संबल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, आयुष्मान भारत योजना, ओडीओपी, अटल प्रोग्रेस वे, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान स्वीकृति पत्र वितरण, कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एजेंडा, खाद उपलब्धता, निर्वाचन कार्य, डीओ लेटर, फ्लैगशिप योजनाएं/अभियान/कार्यक्रम आयोजन, जल जीवन मिशन, इंटर डिपार्टमेंट समन्वय बिंदु की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर कहा कि उनके यहां जितने भी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण हैं उनको तत्परता से निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर बीमारी की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग के प्रयास

**अनिल कुशवाह प्रभारी, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) बीमारी की रोकथाम के लिये भारत शासन के निर्देशानुसार प्रभावित क्षेत्र में सूअरों को मानवीय तरीके से मारकर सूअर के वजन अनुसार मुआवजा वितरण किया जायेगा। समस्त सूअर पालकों से अपील है कि अपने सूअरों को बाड़े में बंद कर मानवीय तरीके से मारने हेतु स्थानीय प्रशासन एवं पशुपालन विभाग का सहयोग करें। पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ.एम.सी.तमोरी ने बताया कि नगर पालिका शिवपुरी अंतर्गत अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) बीमारी से सूअरों की निरंतर मृत्यु हो रही हैं। वर्तमान में अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) पालतू एवं जंगली सूअरों की अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है एवं इसके लिए कोई इलाज या टीका उपलब्ध नहीं है। अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) बीमारी के नियंत्रण हेतु सूअर आश्रय स्थल, सूकर मांस बिक्रय की दुकानों एवं सूअर परिवहन को प्रतिबंधित किया गया है।

# मजदूरों के अधिकार की रक्षा संविधान और यूनियन मिलकर करती है

**मालनपुर संवाददाता**
**पुष्पांजली टुडे, पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर= भारतीय संविधान के खिलाफ वर्तमान केंद्र सरकार मजदूरों का शोषण करने पर उतारू हैं इतना शोषण किसी भी सरकार में देखने को नहीं मिला वर्तमान केन्द्र सरकार अडानी अंबानी आदि के दबाव में आकर आज भारत बर्ष में संबिधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर के भारत मार्केट में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया शिविर को लायर्स यूनियन के ग्वालियर जिला अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश रतन कुमार वर्मा ने ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता एवं मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रजों की हुकूमत में बर्ष 1886 में पहिला आन्दोलन मजदूरों का हुआ जिसमें सैकड़ों आन्दोलन कारी मजदूर सहीद हुए यह एक खूनी आन्दोलन था उन्हीं मजदूरो के खून से लथपथ लाल झंडा यूनियन को मिला उसी क्रम में बर्ष 1922 में मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए ट्रेड यूनियन एक्ट गठन हुआ मजदूरों ने अपने शोषण के खिलाफ लम्बा संघर्ष किया स्वाधीनता संग्राम के समय 1936 में मजदूर संगठन बन गया था और जिसने अंग्रेज़ो के खिलाफ लड़ते हुए मजदूरों के अधिकारो के लिए लड़ाई शुरू कर दी थी आज़ादी के बाद भारत का संविधान बना उसमें श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक कानून बने उसमें एक कार्य क्षेत्र में अपनी यूनियन बनाने का अधिकार है आल इंडिया लायर्स यूनियन के



प्रांतीय सचिव एवं ग्वालियर हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट रविन्द्र सरवटे ने मजदूरों के संविधान अधिकार और वर्तमान परिस्थिति विषय पर मालनपुर में पुरषोत्तम श्रीवास संभागीय संयोजक विद्यालयीन शिक्षक संघ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विषय पर विचार रखते हुए बतया कि जब संविधान बना उस समय एक इकाई ने न्यूनतम 8श्रमिक काम करते थे वहां यूनियन बनाने का अधिकार था 1991 नई औद्योगिक नीति के कारण औधौगिक क्षेत्रों का विखंडन हुआ उसके बाद मोदी भाजपा सरकार ने संविधान संशोधन कर न्यूनतम 300 श्रमिक जिस औधोगिक क्षेत्र में काम करते हैं वहां यूनियन बनाने का अधिकार होगा इससे श्रमिकों का शोषण बढेगा क्योंकि श्रम संगठन खत्म हो जायेंगे वर्तमान सरकार मजदूरों का ध्यान बांटने के लिए भारत के नेता कहीं धर्म के नाम पर तो कहीं जातियों के आधार पर समाज में फूटन डालकर आपस मे लडाने का काम करते नजर आ रहे है भारतीय संविधान में भारतीय संविधान में लोकतंत्र, समाज बाद, धर्म निरपेक्षता, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है भारतीय संविधान को बचाने के लिए हम सबको मजदूरों, किसानों, वे रोजगारों को एक जुट होकर संघर्ष करना चाहिए। एडवोकेट शैलेश बौहरे जिला सचिव लायर्स यूनियन ने कहा मजदूरों के हक और अधिकारों की रक्षा संविधान एवं श्रम संगठन मिलकर कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुरषोत्तम श्रीवास ने कहा श्रमिकों को अधिकारो की रक्षा के लिए कानूनों को पढना एवं संगठित होना होगा। सेन्टर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने कहा भाजपा मोदी सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों को कुचला जा रहा है उसके खिलाफ 5 अप्रैल 2023 को दिल्ली में संसद का घेराव किया जायेगा। आभार प्रदर्शन सीटू जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किया इस मौके पर एडवोकेट स्वाति भार्गव, के के शर्मा,उदय सिंह श्रीवास, नारायण शर्मा, राजेंद्र सिंह कुशवाह,रहीस खान, श्रीलाल माहौर, कुमारी भारती शर्मा, बीरेंद्र सिंह कुशवाह, रिंकू गुर्जर, चोखेलाल, संजना शर्मा, अनीता गोस्वामी, भारती कुशवाह, लक्ष्मी जाटव,रामाबाई, प्रेमनारायण माहोर, समीना,बडडे गुर्जर, सारुख,पान सिंह,हरी सिंह, रामनरेश, रामचित्, महेश गोस्वामी आदि सामिल थे।



# सानू पठान बनाए गए कांग्रेस के नगर अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर किया स्वागत

**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे विवेक सेन इंदरगढ़ से**

इंदरगढ़ - दतिया जिले के सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के नगर इंदरगढ़ में सेवड़ा विधायक कु घनश्याम सिंह की अनुशंसा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के अनुमोदन पर ब्लॉक अध्यक्ष इंदरगढ़ बी के जाटव की सहमति द्वारा सानू पठान को कांग्रेस कमेटी इंदरगढ़ का नगर अध्यक्ष बनाया गया, कांग्रेस कार्यालय सेवड़ा रोड इंदरगढ़ पर सानू पठान के नगर अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने हर्ष और खुशी का माहौल है,नगर अध्यक्ष सानू पठान का कांग्रेस युवा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया,सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में जब जब बदलाव आया है उसमे अहम भूमिका युवा वर्ग की रही है,विधायक श्री सिंह नवागत नगर अध्यक्ष सानू पठान से अपने दायित्व का पूर्ण ईमानदारी और लग्न से निर्वहन कर, कांग्रेस पार्टी के हित में कार्य करने की बात कहीं।।इस अवसर पर सेवड़ा विधायक कु घनश्याम सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष बी के जाटव,धीरेन्द्र सिंह राठौर,अन्नू यादव पार्षद,छोटे खान पठान, नीरज राठौर,सोनू यादव,सिराज पठान,मुकेश केवट, दिनेश पुरोहित नगर अध्यक्ष दतिया,दीपक भदकारिया,के पी सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।,



## कैनबरा गांव में नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा संवाद कार्यक्रम



समाजवादी पार्टी जिला अशोकनगर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव जी की अध्यक्षता में मुंगावली विधानसभा के कैनबरा गांव में नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमें सदस्यता अभियान चलाया गया गांव के सैकड़ों युवा एवं बुजुर्गों द्वारा समाजवादी पार्टी ज्वाइन की गई।

**कार्यक्रम में उपस्थित**

**मुंगावली शहर अध्यक्ष जफर खान**

जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव चंदेरी विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र यादव राव प्रतिपाल यादव अमरोद गुरुशरण यादव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुंवर राज,मंच संचालन कर रहे रामेश्वर यादव, प्रवक्ता अभिषेक यादव, आजाद सिंह, शकील भाई, राजा यादव, सतपाल यादव

**प्रशांत यादव कार्यक्रम के आयोजक**

**कमलेश यादव**

**एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# सर्वधर्म समभाव व सबका साथ सबका विश्वास ही हमारा पवित्र मार्ग : डॉ रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने कहा कि जैन धर्म भारतीय सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, इसके बिना सनातन धर्म की परिकल्पना ही नहीं की जा सकती, जैन धर्म को सबसे पवित्र एवं कठिन अनुशासन वाला धर्म कहा जाता है और जैन अनुयायी बहुत ही श्रद्धाभाव के साथ जैन धर्म के नियमों का पालन करते हैं और अपने तीर्थ स्थलों के प्रति आस्थावान हैं। डॉ दुबे ने कहा कि देश की मोदी सरकार जैन धर्म की सुचिता, पवित्रता एवं उसके संरक्षण के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है, जैन धर्म ने सदैव राष्ट्रवाद का साथ दिया है जोकि मोदी सरकार



का एकमात्र ध्येय है, भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद के लिए ही समर्पित है,ऐसे में जैन धर्म के प्रति देश की आस्था एवं पवित्रता का अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी हमारी है और हम हर परिस्थिति में जैन धर्म के साथ खड़े रहेंगे।

डॉ दुबे ने कहा कि पवित्र जैन तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर जी के प्रति जैन धर्म के सम्मान एवं आस्था को देखते हुए केंद्र सरकार ने तीर्थ स्थल रखने की घोषणा की है,साथ ही श्री सम्मेद शिखर को पवित्र संरक्षित क्षेत्र घोषित कर उस क्षेत्र में मदिरापान एवं माँसाहार को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है ताकि जैन धर्म के अनुयायियों की आस्था पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात न हो पाए। डॉ दुबे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनभावना का आदर करते हुए ये कदम उठाया है उसके लिए उन्हें कोटि कोटि धन्यवाद, अब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी अनुरोध है कि जैन धर्म के सम्मान में केंद्र सरकार के आदेश का अक्षरशः पालन करे।



## रूपावास में जरूरतमंदों लोगों को गर्म ऊनी कपड़े व बुट मौजे वितरित किये

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** निकटवर्ती रूपावास गांव में आँजणा पटेल समाज भवन परिसर में सुमेरपूर विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक मदन राठौड़ के अध्यक्षता में एवं भारतीय जनता पार्टी नेता व समाज सेवी हरिभाई पटेल के सहयोग से हर साल की भाँति इस साल भी तीन वर्षों से लगातार सर्दी मौसम में अत्यधिक ठंड पडने पर जरूरतमंदो गरीब परिवार लोगों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म ऊनी कम्बल स्वेटर कपड़े और बुट मौजे वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कविता पटेल सरपंच सुरेश बंजारा संजय बघेल चौथाराम पुखराज मालवी भीमाराम मंगलाराम बाबुलाल भंवरलाल देवीलाल कानाराम नरसिंह राम दुर्गाराम देवासी लुम्बाराम हरिराम आईडी शेषाराम कालुराम घॉची सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

# साधु संतों की मौजूदगी में संत का किया गया भूमि संस्कार

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**



पाली राजस्थान। पाली जिला के राणा गोदावास सरहद पर अंबे माताजी मंदिर दुदामणी भाखर आश्रम महंत श्री श्री 108 संत श्री समाधीगिरी महाराज के देवलोक होने पर संत को हजारो भगतो के जयकारे बेंडवादन भजन कीर्तन के साथ साधु संतो की मोजुदगी मे भुमीगत समाधी दी। इस अवसर पर धुंबडा महंत राजभारती जी महाराज महामंडलेशवर संतोष भारती महाराज संत बालकदास महाराज उंदरा फाटा साध्वी संतोष बाई बिकरलाई महंत किसनभारती सोनाई लाखा महंत मगापुरी भावरी मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल आनंदपुरी गोस्वामी महामंत्री गोपाराम पटेल मानाराम देवासी मंगलाराम भींडर गोविंदसिह गोदावास तेजाराम पटेल जपुरराम आकोदिया राणा भावरी गोदावास दयालपुरा चवडा रुपावास मनिहारी मादडी डरी सहित अनेक गावो से भगत संत महंत मोजुद रहे सभी ने पुष्प अर्पित कर देवलोक संत समाधीगिरी महाराज को श्रदांजली देकर जगत कल्याण की कामना कर आशीर्वाद मांगा।

# जीतो नार्थ महिलाओं की उड़ान कल

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, आर्थिक उन्नति, उनके उद्यम में सर्वोचत्ता की प्राप्ति आत्मविश्वास की बढ़ोतरी, मानसिक सुदृढ़ता एवं समाज में एक विशेष स्थान प्रदान कराने के उद्धेश्य से 11-12 जनवरी को होटल ललित अशोक में

## होटल ललित अशोक में होगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

दो दिवसीय प्रदर्शनी उड़ान का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के अनुसार उड़ान-आसमान को छूना नामक इस व्यापारिक मेले में भारत भर में विख्यात कई ब्रांडेड कंपनीय अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेगी। डायमंड, कपड़े, ज्वैलरी, साड़ियाँ, फुटवेयर, होम अपलाइंसेस एवं डेकोर जैसी अनेको श्रेणियों के उत्पादों को इस प्रदर्शनी में देखा और खरीदा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस उच्च स्तरीय प्रदर्शनी में विश्व स्तरीय उत्पादों के साथ प्रदर्शक व आगंतुक सभी को नवीन अवसर प्राप्त होंगे।मुख्य सचिव सुमन वेदमुथा के अनुसार पिजन की सुनीता राजेंद्र गांधी के मुख्य प्रायोजन, कुशल्स के राजेंद्र कुमार अंकित कुमार गुलेच्छा के सह प्रायोजन, पीटैक्स के प्रकाशचंद सिंघवी के मीडिया प्रायोजन तथा मनोज-दीप की निशा प्रवीण तुकलिया के सहयोगी प्रायोजन में इस विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने



बताया कि वर्ष 2023 की शुरुआत ही महिलाओं में आर्थिक सुदृढ़ता वाले इस विशाल आयोजन से की जा रही है और इस दौरान बनने वाले संपर्कों का लंबे समय तक अच्छे परिणाम मिलते रहेंगे। उड़ान की संयोजक रेश्मा पुनमिया ने जानकारी दी कि महिलाओं को आर्थिक सुदृढ़ता का मंच प्रदान करने के प्रमुख उद्धेश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है अतः छोटे उत्पादों में रत समाज की साधर्मिक बहनों के लिये प्रदर्शनी में विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि बैंगलुरु के साथ-साथ मुंबई, पुणे, जयपुर, कोलकोता इत्यादि शहरों की महिला उद्यमी भी इस प्रदर्शनी में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। सह संयोजिका भाविका कोठारी व जयश्री जैन महिला विंग के इस मेघा आयोजन को सफल बनाने के लिये व्यापक दृष्टिकोण से प्रचार-प्रसार कर रही है। जीतो नार्थ के सचिव व महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया ने जानकारी दी कि बुधवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होने वाली इस प्रदर्शनी में उद्धघाटन में पूर्व मंत्री व गांधीनगर विधायक दिनेश गुण्डूराव व फैशन व ईमेज सलाहकार प्रसाद बीड़प्पा मुख्य अतिथि, इडस्ट्री व कॉमर्स सचिव गुंजन कृष्णा, पूर्व मेयर प्रेमा करियप्पा, इंडोसीओस की उपाध्यक्ष पल्लवी जयप्रकाश विशेष स्थिति के रूप में शामिल होंगे। उड़ान प्रदर्शनी की तैयारियों में महिला विंग की पूरी कार्यकारिणी व सदस्य अपना पूरा योगदान दे रही है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि प्रदर्शनी में जॉब मेला, मेट्रोमोनी, माइनॉरिटी इत्यादि के स्टॉल सेवा हेतु रहेंगे साथ ही महिलाओं के लिये आर्थिक शाक्षरता व हस्ताक्षर विश्लेषण की कार्यशाला का भी आयोजन होगा। अरिहंत तातेड द्वारा निवेश पर तथा काउंसलर सुमन रांका द्वारा महिलाओं के लिये विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी रहेगी।



## भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में अनुराग सिंह का किया गया भव्य स्वागत

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** पाली उदयपुर से सड़क मार्ग से पाली रोहट जम्बूरी कार्यक्रम में पधार रहे भारत सरकार के सूचना प्रसारण व खेल एवं युवा मामलात केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर का पाली पणिहारी चौराया पर भाजपा किसान मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष दिग्विजयसिंह राठौड के नेतृत्व मे पार्टी दुपट्टा, मारवाडी साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा किसान मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वैष्णव भुंबलिया ने बताया कि केंद्र मंत्री पाली पहुंचने पर पाली सांसद सहायक डीआर चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिग्विजयसिंह राठौड, जिला उपाध्यक्ष विक्रमपालसिंह, राजेन्द्र किसान, जिलामंत्री गुलाब सांखला, किसान नेता त्रिभुवनसिह मंडली, सोहन जी बोराणा, मंडल अध्यक्ष अनु सोलंकी, अशोक जी बंजारा, पुखराज बंजारा, कमलेश मेवाड़ा, विरेन्द्रसिह नरूका, विजय परिहार, बहादुर सिंह राठौड, महिला खिलाड़ी अनु सोनी इत्यादि ने मारवाड की धरा पर पधारने पर केन्द्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## सीरवी समाज कण्टालिया ने धूमधाम से मनाया दसवाँ वार्षिक स्नेह मिलन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज कण्टालिया कर्नाटक-बेंगलुरू का दसवाँ वार्षिक स्नेह मिलन समारोह रविवार को नंजापुरा विलेज स्थित मीनाक्षी रिसार्टस में मुख्य अतिथि 1008 श्री श्री आयसपीर वक्तावर वनजी के सानिध्य में अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में बेंगलुरू व आसपास के क्षेत्रों के अलावा राज्य के अन्य शहरों से आए प्रवासी कण्टालिया ग्रामवासी सीरवी बंधु सपरिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में सज-धज कर आये पुरुषों, महिलाओं व बच्चों के हुजूम का उत्साह व उमंग देखने लायक था। दिन भर चले स्नेह मिलन समारोह की शुरुआत से पहले समाज की ओर से समारोह के मुख्य अतिथि आयसपीर वक्तावर वनजी का मंगल गीत एवं गाजे-बाजे के साथ बधावा किया गया। इसके पश्ड़चात दीप प्रज्वलन एवं श्री आईमाताजी की स्तुति, पूजा-अर्चना व मंगल आरती के साथ आमसभा की कार्यवाही शुरू हुई। अध्यक्ष चोलाराम चोयल ने समारोह में पधारे हुए सभी मेहमानों एवं ग्राम कंटालिया प्रवासी सीरवी समाज के लोगों का स्वागत करते हुए गाँव के विकास एवं समाज की एकता को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक आयोजनों से आपसी मेलजोल बड़ता है। मुख्य अतिथि वक्तावर वनजी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आप सब हमेशा धर्म के मार्ग पर चलते हुए अपने कारोबार में खूब तरक्की करें और अपने गांव व समाज को आगे बड़ाने के लिए एकजुट होकर काम करें। हमारा आशीर्वाद व शुभकामनाएं हमेशा आप सबके साथ है। अपनी कर्मभूमि के साथ ही साथ अपनी जन्मभूमि का गौरव बड़ाने में भी अपना योगदान करें। सचिव नेमाराम चोयल ने कहा की गांव कंटालिया बडेर के लिए ट्रस्ट का गठन किये जाने सहित बडेर के अनेक कार्य होने हैं। आप सबके सहयोग से ही इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। हम आशा करते हैं कि पहले की तरह आगे भी आपका तन-मन-धन से सहयोग समाज को आगे बड़ाने के लिए मिलता रहेगा। स्नेह मिलन समारोह में मरुधरा से पधारे बुजुर्गों तथा अन्य अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। अन्य वक्ताओं ने भी समाज के बारे में विचार रखे। इसके साथ ही गाँव के विकास से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी हुई। बड़ों और बच्चों सब ने दिन भर विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजन कार्यक्रमों का भरपूर आनन्द लिया। दोपहर में सब लोगों ने मिल-जुलकर भोजन-प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवाराम चोयल, कोटवाल भोनाराम चोयल, कुशालराम सेपटा, ताराराम बर्फा, पोकरराम बर्फा, लखाराम चोयल, जीवाराम चोयल, चुन्नीलाल, केवलराम, सुजाराम, चुन्नीलाल चोयल सहित सीरवी समाज कंटालिया की समस्त कार्यकारिणी तथा समाज के अनेक अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। संचालन नेमाराम चोयल ने किया। यह जानकारी जुगराज चोयल ने एक विज्ञप्ति में दी।



## सम्पादकीय

### विमान में महिला से अभद्र व्यवहार...तौबा-तौबा

सड़क पर चलते हुए बदतमीजियां, किसी भी सार्वजनिक स्थल पर लड़कियों पर फब्तियां कसना और बदतमीजी करना यह सब क्या हो रहा है? किसी के खिलाफ भी बदतमीजी करना और फिर झगड़ा आखिरकार यह समाज को क्या हो गया है? बसों में बदतमीजी, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बदतमीजी और अब जहाजों में बदतमीजी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सवाल पैदा होता है कि आखिरकार यह क्या हो रहा है? हर घटना में नारी को बिना मतलब के टारगेट पर लिया गया है और सारी बदतमीजियां उसी के साथ हो रही हैं। एक तरफ देश की बेटियां राष्ट्र की शान में झंडे गाड़ रही हैं। शिवा चौहान जैसी बेटी दुनिया में सबसे ऊंची बर्फ की चोटी सियाचिन में पहली महिला सैनिक के रूप में तैनात होकर देश का नाम रोशन कर रही है और उसी गौरवशाली भारत के नागरिक हवाई यात्रा के दौरान बिजनेस क्लास में सफर करते हुए किसी महिला के ऊपर पेशाब कर देते हैं। सचमुच इस घटना को सुनकर सिर शर्म से झुक जाता है। यह घटना एक बार नहीं, दो बार हुई। दोनों घटनाएं एयर इंडिया के विमानों से जुड़ी हैं। एक विमान न्यूयॉर्क से आ रहा था जबकि दूसरा पेरिस से आ रहा था। शर्मनाक बात यह है कि न्यूयॉर्क वाले केस में लगभग एक महीने बाद इस शर्मनाक घटना का खुलासा होता है और शंकर मिश्रा नाम का अमीरजादा ऐसी बदतमीजी करके फरार हो जाता है। हालांकि उसकी कंपनी ने उसे दो दिन पहले नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। लेकिन सवाल पैदा होता है कि एयर इंडिया ने इस घटना का खुद संज्ञान क्यों नहीं लिया और क्रू-मेंबर खामोश क्यों रहे? अभी इस घटना को लेकर हर तरफ थू-थू हो रही थी कि ऐसी ही घटना और सामने आयी। कहने का मतलब यह है कि हवाई यात्राओं के दौरान इस प्रकार अगर गुनहगारों को नजरंदाज किया जाता रहेगा तो देश की शान का क्या होगा? यह खबर अकेले भारत में वायरल नहीं हुई, पूरी दुनिया के लोग इसके बारे में जब जान रहे होंगे तो वे भारत के प्रति क्या नजरिया रखेंगे। हवाई यात्रा अपने आप में बहुत संवेदनशील सफर है जो कभी अनुशासन के लिए जाना जाता था। पिछले हफ्ते ही सीट के झगड़े को लेकर फ्लाइट में एक यात्री ने दूसरे यात्री की पिटाई की, यह वीडियो भी वायरल हुआ। हैरानी इस बात की है कि एक विमान में प्रवेश करने पर एयरलाइंस की ओर से अनुशासन और अपनेपन को लेकर बड़ा ऊंचा तामझाम प्रस्तुत किया जाता है कि जैसे यात्री को बड़ा ऊंचा दर्जा दिया जा रहा है। लेकिन यात्रियों को शराब परोसना और इस दौरान विमान परिचालिकाओं से बदतमीजी की बातें तो आम हैं। हद तो नशे में ऐसे अमीरजादों द्वारा महिलाओं के सामने पेशाब कर देना यह कहां की शराफत है। ऐसी घटनाएं कभी न हो इसके लिए ठोस व्यवस्था की जरूरत है। हवाई यात्राओं के दौरान तरह-तरह के किस्से वायरल होते रहते हैं लेकिन हमारा एतराज बदतमीजियों को लेकर है। इस मामले में कुछ नये कायदे कानून लागू करने होंगे। पूरे देश को शर्मसार कर देने वाले लोग अगर सिर्फ तीस दिन की हवाई यात्रा से प्रतिबंधित कर दिये जाने के बाद कल फिर यही हरकत करेंगे तो उनके हौंसले बढ़ते ही रहेंगे। इन्हें अपराध की श्रेणी में रखते हुए कम से कम पांच वर्ष तक का कारावास अगर तयकर दिया जाये तो कोई ऐसी जुर्रत नहीं करेगा। सोशल मीडिया पर लोग अपनी भावनाएं इसी अंदाज में अभिव्यक्त कर रहे हैं। कभी हमारे देश में डोमेस्टिक फ्लाइट्स में शराब परोसी जाती थी जो अब लगभग बीस वर्ष से बंद हो चुकी है। अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में शराब अभी भी परोसी जाती है। हवाई सफर केवल अमीरों का सफर नहीं बल्कि आम आदमी इसलिए भी करता है ताकि इमरजेंसी में इसका लाभ ले सके। लेकिन अनेक लोगों ने हवाई यात्रा को अय्याशी समझ रखा है। ऐसे लोगों को सबक सिखाना बहुत जरूरी है। सड़कों पर सामाजिक जीवन में बदतीमीजियां अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनकर पब्लिक के बीच में और चौनलों पर छाई रहती हैं। इस दिशा में कोई अलग विभाग बनाना होगा बदतमीजी करने वाले हवाई यात्रियों के लिए अगर मौके पर ही ऐसी व्यवस्था कर दी जाये जो उन्हें सबक सिखा सके, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति किसी लड़की के साथ हवाई यात्रा के दौरान बदतमीजी करता है तो ऐसे यात्री के साथ सामाजिक तौर पर ऐसी ही सजा की व्यवस्था कर दी जाये कि वह दोबारा यह हरकत नहीं करेगा। यह आम लोगों की सोशल मीडिया पर खुली प्रतिक्रिया है। हालांकि यह प्रेक्टिकल है या नहीं मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहती लेकिन मेरा मानना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान होना ही चाहिए। सुखद हवाई यात्रा हो या रेल सफर या फिर बस का सफर किसी के साथ बदतमीजी करने का कोई हक नहीं है।

# जातीय गणना के बाद की आशंकाएं

**● जाति का सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। इसको अनदेखा नहीं किया जा सकता कि देश में जातियों को गोलबंद कर वोट बैंक की राजनीति होती है।बिहार में जातीय गणना का काम शुरू होना इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि वह इस तरह की गणना कराने वाला पहला राज्य है।**

प्रेम शर्मा

देश की दो बड़ी पार्टी भाजपा और कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में नही है। बिहार में नीतिश सरकार द्वारा जातिगत जनगणना शुरू कर देने के बाद इसके फायदे और नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। वैसे भी भारत की राजनीत में जातिगत समीकरण हमेशा भारी रहे है। अब ऐसे में बिहार में जातीय गणना शुरू होने के बाद तमाम सवाल उठने लाजिमी है। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। इसको अनदेखा नहीं किया जा सकता कि देश में जातियों को गोलबंद कर वोट बैंक की राजनीति होती है।बिहार में जातीय गणना का काम शुरू होना इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि वह इस तरह की गणना कराने वाला पहला राज्य है। बिहार के साथ अन्य राज्य जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार किन्हीं कारणों से पुरानी परंपरा का ही पालन करने के लिए तैयार हुई। वह शायद इसलिए हिचक गई, क्योंकि इससे जातिवाद आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नित नई मांगें सामने आने का अंदेशा था। सच जो भी हो, यह अच्छा है कि बिहार सरकार जातीय गणना के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन करने जा रही है। लोगों की आर्थिक स्थिति जानना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उसे जानकर ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती हैं।आर्थिक स्थिति का आकलन निर्धनता निवारण की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहायक होता है, लेकिन यही बात जातीय गणना के बारे में नहीं कही जा सकती। सैद्धांतिक रूप से तो देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं कि कहां, किस जाति की कितनी संख्या है? जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है, लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि विभिन्न राज्यों में जातियों का आकलन करने के नाम पर जातिवाद की राजनीति को नए सिरे से धार दी जा सकती है। जातीय जनगणना के बाद आने वाले परिणामों से राजनीति के साथ नौकरी सहित कई क्षेत्रों में आरक्षण की मांग और जातिगत वर्चस्व प्रबल होगा। यही नही सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 1952 में स्पष्ट तौर पर देश का गृहमंत्री रहते हुए संसद में कहा था कि अगर हम जातीय जनगणना करते हैं तो देश का सामाजिक तानाबाना टूट जाएगा। साल 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी। साल 1941 में जनगणना के समय जाति आधारित डेटा जुटाया जरूर गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया।साल 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया। लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं।साल 1990 में केंद्र की तत्कालीन विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग यानि मंडल आयोग की एक सिफारिश को लागू किया था।ये सिफारिश अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों में सभी स्तर पर 27 प्रतिशत आरक्षण देने की थी. इस फैसले ने भारत, खासकर उत्तर भारत की राजनीति को बदल कर रख दिया। जानकारों का मानना है कि भारत में ओबीसी आबादी कितनी प्रतिशत है, इसका कोई ठोस प्रमाण फिलहाल नहीं है। मंडल कमीशन के आँकड़ों के आधार पर कहा जाता है कि भारत में ओबीसी आबादी 52 प्रतिशत है. हालाँकि, मंडल कमीशन ने साल 1931 की जनगणना को ही आधार माना था।इसके अलावा अलग-अलग राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी सर्वे और अनुमान के आधार पर इस आँकड़े को कभी थोड़ा कम कभी थोड़ा ज्यादा करके आँकती आई है। इसी के आधार पर राजनैतिक दल विभिन्न चुनावों में जातिगत संख्या बल को देखकर उस क्षेत्र से उसी बिरादरी के व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाने पर जोर देते है। लेकिन केंद्र सरकार जाति के आधार पर कई नीतियाँ तैयार करती है। ताजा उदाहरण नीट परीक्षा का ही है, जिसके ऑल इंडिया कोटे में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने की बात मोदी सरकार ने कही है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 20 जुलाई 2021 को लोकसभा में दिए जवाब में कहा था कि फिलहाल केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और जाति की गिनती का कोई आदेश नहीं दिया है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी एससी और एसटी को ही जनगणना में शामिल किया गया है।आज भले ही बीजेपी संसद में इस तरह के जातिगत जनगणना पर अपनी राय कुछ और रख रही हो, लेकिन 10 साल पहले जब बीजेपी विपक्ष में थी, तब उसके नेता खुद्द इसकी माँग करते थे।बीजेपी के नेता, गोपीनाथ मुंडे ने संसद में 2011 की जनगणना से ठीक पहले 2010 में संसद में कहा था, अगर इस बार भी जनगणना में हम ओबीसी की जनगणना नहीं करेंगे, तो ओबीसी को सामाजिक न्याय देने के लिए और 10 साल लग जाएँगे। हम उन पर अन्याय करेंगे इतना ही नहीं, पिछली सरकार में जब राजनाथ सिंह गृह मंत्री थे, उस वक्त 2021 की जनगणना की तैयारियों का जायजा लेते समय 2018 में एक प्रेस विज्ञप्ति में सरकार ने माना था कि ओबीसी पर डेटा नई जनगणना में एकत्रित किया जाएगा। लेकिन अब सरकार अपने पिछले वादे से संसद में ही मुकर गई है। दूसरी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की बात करें, तो 2011 में एसईसीसी यानी सोशियो इकोनॉमिक कास्ट सेंसस आधारित डेटा जुटाया था। चार हजार करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च्च किए गए और ग्रामीण विकास मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई।साल 2016 में जाति को छोड़ कर एसईसीसी के सभी आँकड़े प्रकाशित हुए। लेकिन जातिगत आँकड़े प्रकाशित नहीं हुए. जाति का डेटा सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सौंप दिया गया, जिसके बाद एक एक्सपर्ट ग्रुप बना, लेकिन उसके बाद आँकड़ों का क्या हुआ। इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।माना जाता है कि एसईसीसी 2011 में जाति आधारित डेटा जुटाने का फैसला तब की यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू यादव और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के दबाव में ही लिया था। वैसे देखा जाए तो देश की ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियाँ जातिगत जनगणना के समर्थन में है, ऐसा इसलिए क्योंकि उनका जनाधार ही ओबीसी पर आधारित है। इसका समर्थन करने से सामाजिक न्याय का उनका जो प्लेटफॉर्म है, उस पर पार्टियों को मजबूती दिखती है। लेकिन राष्ट्रीय पार्टियाँ सत्ता में रहने पर कुछ और विपक्ष में रहने पर कुछ और ही कहती हैं। विपक्ष में आने के बाद कांग्रेस ने भी 2018 में जाति आधारित डेटा प्रकाशित करने के लिए आवाज उठाई थी. लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने देश में जातियों को गोलबंद करके किस तरह वोट बैंक की राजनीति की जाती है। देश में कई दल ऐसे हैं, जो जाति विशेष की राजनीति करते हैं। इन दलों ने विभिन्न जातीय समूहों को गोलबंद करके तरह-तरह के समीकरण बना रखे हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे समीकरण बनाने में माहिर हैं। भले ही जातियों के आधार पर राजनीति करने वाले दल सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का दावा करते हों, लेकिन सच यह है कि वे जातिगत आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं और चुनावों के समय उसका लाभ उठाते हैं।इस तरह की राजनीति न केवल समाज को बांटने का काम करती है, बल्कि कई बार विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य भी पैदा करती है। कहना कठिन है कि बिहार में जो जातीय गणना होने जा रही है, उसके क्या परिणाम और प्रभाव होंगे, लेकिन इस तथ्य को ओझल नहीं किया जा सकता कि बिहार जातिवादी राजनीति के लिए कुख्यात रहा है। एक समय यहां जाति आधारित हथियारबंद संगठन खड़े किए गए, जिन्हें जाति विशेष की निजी सेनाओं के रूप में जाना गया। स्पष्ट है कि जातीय गणना के आंकड़ों का इस्तेमाल जातिवादी राजनीति के लिए नहीं होने दिया जाना चाहिए।अब सवाल बिहार में शुरू जातिगत जनगणना का है ऐसे में जातिगत जनगणना जो आँकड़े सामने आएगें वह राजनीतिक स्तर पर भारी फेरबदल करेंगें। मान लीजिए ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत से घट कर 40 फीसदी रह जाती है, तो हो सकता है कि राजनीतिक पार्टियों के ओबीसी नेता एकजुट हो कर कहें कि ये आँकड़े सही नहीं है। और मान लीजिए इनका प्रतिशत बढ़ कर 60 हो गया, तो कहा जा सकता है कि और आरक्षण चाहिए।जनगणना अपने आप में बहुत ही जटिल कार्य है. जनगणना में कोई भी चीज जब दर्ज हो जाती है, तो उससे एक राजनीति भी जन्म लेती है, विकास के नए आयाम भी उससे निर्धारित होते हैं। इस वजह से कोई भी सरकार उस पर बहुत सोच समझ कर ही काम करती है। एक तरह से देखें तो जनगणना से ही जातिगत राजनीति की शुरूआत होती है। उसके बाद ही लोग जाति से खुद्द को जोड़ कर देखने लगे, जाति के आधार पर पार्टियाँ और एसोसिएशन बनने लगे। अगर संख्या एक बार पता चल जाए और उस हिसाब से हिस्सेदारी दी जाने लगे, तो कम संख्या वालों का क्या होगा? उनके बारे में कौन सोचेगा? इस तरह के कई सवाल भी खड़े होंगे. ओबीसी और दलितों में ही बहुत सारी छोटी जातियाँ हैं, उनका कौन ध्यान रखेगा?

## अनिवासी भारतीयों के योगदान को सराहने का अवसर भी है प्रवासी भारतीय दिवस

प्रवासी भारतीयों का भारत की विभिन्न कम्पनियों में विदेशी निवेश भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है।इसका अच्छा प्रभाव यह भी देखने में आ रहा है कि प्रवासी भारतीयों की देखादेखी इन देशों के मूल निवासी भी भारत में अपने विदेशी निवेश को बढ़ा रहे हैं। प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को भारत में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। भारत के आर्थिक विकास में प्रवासी भारतीयों के अमूल्य योगदान को इस दिन विशेष रूप से याद किया जाता है। इस वर्ष भी इस शुभ अवसर पर दिनांक 8 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक मध्य प्रदेश के इंदौर नगर में 17वां प्रवासी भारतीय दिवस समारोह आयोजित किया गया है। इस विशेष आयोजन में प्रथम दिन, अर्थात 8 जनवरी 2023 को यूथ प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाएगा। दूसरे दिन, अर्थात 9 जनवरी 2023 को 17वां प्रवासी भारतीय दिवस कन्वेंशन 2023 का शुभारंभ होगा और तीसरे दिन, अर्थात 10 जनवरी 2023 को 17वें प्रवासी भारतीय दिवस कन्वेंशन का समापन होगा। उक्त कार्यक्रमों में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की भी भागीदारी रहेगी। आज पूरे विश्व में 3.2 करोड़ से अधिक अप्रवासी भारतीय निवास कर रहे हैं। करीब 25 लाख भारतीय प्रतिवर्ष भारत से अन्य देशों में प्रवास के लिए चले जाते हैं। विदेश में बस रहे भारतीयों ने भारतीय संस्कृति का झंडा बुलंद करते हुए भारत की साख को न केवल मजबूत किया है बल्कि इसे बहुत विश्वसनीय भी बना दिया है। प्रवासी भारतीयों ने अपनी कार्यशैली से अन्य देशों में स्वयं को तो स्थापित किया ही है, साथ ही इन देशों में अपने लिए कई अनगिनत उपलब्धियां भी अर्जित की हैं। इन देशों में निवास कर रहे प्रवासी भारतीय वहां के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी भी बढ़ाते जा रहे हैं। तीन विभिन्न कालखंडों में भारतीय विभिन्न देशों में प्रवास पर भेजे गए थे अथवा वे स्वयं गए थे। सबसे पहले तो भारत पर अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान लाखों की संख्या में भारतीय, श्रमिकों के तौर पर, ब्रिटिश कालोनियों (ब्रिटेन द्वारा शासित देशों) में भेजे गए थे। आज इन देशों में भारतीयों की आगे आने वाली पीढ़ियां बहुत प्रभावशाली बन गई हैं एवं इनमें से कुछ तो इन देशों में प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति के पदों तक पहुंच गए हैं। भारत द्वारा अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद, एक बड़ी संख्या में भारतीय अन्य देशों में जाकर प्रवासी भारतीय के तौर पर बस गए थे। उस समय पर इनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग किसी न किसी प्रकार की तकनीकी दक्षता जैसे कारीगर, पलंबर, इलेक्ट्रिशियन, आदि हासिल किए हुए था। इन लोगों को ह्वब्लू कॉलरह्व रोजगार आसानी से उपलब्ध हो रहे थे और ये भारतीय एक बड़ी संख्या में अधिकतर सऊदी अरब, यूनाइटेड अरब अमीरात, कतर एवं अन्य मिडिल ईस्ट देशों में प्रवासी भारतीय बनकर रहने लगे। उस समय पर इन देशों में प्रवासी भारतीयों को छोटे छोटे दुकानों पर भी रोजगार आसानी से उपलब्ध हो रहा था। इसके बाद 1970 के दशक एवं इसके बाद के कालखंड में भारत से बुद्धिजीवी, प्रोफेशनल एवं पढ़े लिखे वर्ग के लोग भी अन्य देशों की ओर आकर्षित होने लगे एवं अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रान्स, इटली आदि देशों में जाकर प्रवासी भारतीय के रूप में बस गए। आज ये प्रवासी भारतीय इन देशों में इंजीनीयर, डॉक्टर, प्रोफेसर, आदि अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। इनमें से कई तो आज इन देशों की बड़ी बड़ी कम्पनियों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में भी बहुत सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। अमेरिका एवं ब्रिटेन जैसे अन्य कई देशों में तो आज सबसे अधिक डाक्टर एवं इंजीनियर भारतीय मूल के लोग ही हैं एवं इन देशों के वित्तीय क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिक सबसे अधिक पाए जाते हैं। इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को गति देने में इन प्रवासी भारतीयों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

# छोटी सरकार ने किया शर्मसार

दिल्ली की ह्यह्यछोटी सरकारह्वह्व का मुखिया यानि महापौर और उपमहापौर चुने जाने से पहले हुए बवाल ने लोकतंत्र को शर्मसार करके रख दिया है। निर्वाचितघ् पार्षदों के शपथ ग्रहण करने से पहले ही आप और भाजपा पार्षदों में हाथापाई, धक्का-मुक्की को पूरे देश ने देखा। किसी ने कुर्सी उठाई, किसी ने पर्दे फैंके, कुछ पार्षद आसन से गिर गए, एक-दूसरे को घसीटा गया। जो कुछ भी हुआ उससे सारी मयार्दाएं तार-तार हो गईं। सिविक सैंटर में यह सब करने वाले किसी गली या मोहल्ले में बात-बात पर बिगड़ने वाले तत्व नहीं थे, बल्कि मिनी भारत यानि दिल्ली में रहने वाली जनता के वोट से चुने गए पार्षद थे। दिल्ली नगर निगम के सदन में उनका पहला दिन था और पार्षदों ने जिस तरह से आचरण का परिचय दिया है उससे जनता यह सवाल उठाने को विवश हुई है कि जो लोग शांति से शपथ नहीं ले सकते वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कैसे कर पाएंगे। दिल्ली नगर निगम एक शक्तिशाली लोकतांत्रिक संस्था है। जिस पर दिल्ली की वे तमाम जिम्मेदारियां हैं जिनका सीधा संबंध जनता से है। वैसे तो देशवासी लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद में भी ऐसे दृश्य देख चुके हैं। लेकिन दिल्ली नगर निगम के इतिहास में शपथ ग्रहण के दिन ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। 1958 में संसद में कानून के माध्यम से वीएनसी की तर्ज पर घ्दिल्ली नगरघ् निगम की स्थापना की गई थी। तब पुरानी दिल्ली के टाउन हाल में इसका मुख्यालय बनाया गया था। दिल्ली की पहली महापौर अरुणा आसिफ अली बनी थीं। तब दिल्ली नगर निगम में जनसेवा को समर्पित पार्षद मौजूद रहते थे। नगर निगम ने ही विजय कुमार मल्होत्रा, मदन लाल खुराना, केदारनाथ साहनी, जगप्रवेश चन्द्र और अन्य कई दिग्गज नेता इस राष्ट्र को घ्दिए हैं। लेकिन 2023 तक आते-आते राजनीति में विकृतियां आती गईं। जनप्रतिनिधि न केवल लोगों के लिए बल्कि अन्य संस्थाओं के लिए आदर्श होने के नाते जनता को उनसे बहुत उम्मीदें होती हैं। जनप्रतिनिधियों को सदन के भीतर तथा बाहर शालीनता के साथ उच्चतम मापदंडों का पालन करना होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका एक प्रतिष्ठित दर्जा होता है। इसलिए उन्हें अपने कार्यों में अनुशासन और लोकतंत्र के श्रेष्ठ प्रतिमानों को बनाए रखना चाहिए। लेकिन अफसोस इस बात का है कि हाल ही के वर्षों में जनप्रतिनिधियों के अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ी हैं। जिससे संस्थाओं की छवि धूमिल हुई है। आज जनप्रतिनिधि सदन में जनता की आवाज बनने की बजाए अपना ही ढिंढोरा पीटने में लग जाते हैं।

सदन में वे संभ्रांत जनप्रतिनिधि न होकर बाहुबलियों का रूप धारण कर लेते हैं। उनके व्यवहार के चलते सदन की तस्वीर ही बदरंग नजर आती है। दिल्ली नगर निगम में विवाद उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत 10 पार्षदों को पहले शपथ दिलवाने पर शुरू हुआ। इस पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले चुने हुए पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू होना चाहिए। इस तरह पहले तो सदन में नारेबाजी हुई, फिर हंगामा मारपीट में तब्दील हो गया। मनोनीत पार्षदों को पहले शपथ दिलवाने का मुद्दा कोई बड़ा नहीं था लेकिन इस पर शांतिपूर्ण विरोध व्यक्त किया जा सकता था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। जहां तक मनोनीत पार्षदों के वोट डालने का सवाल है, यह एक तकनीकी मुद्दा है। आप पार्टी को मनोनीत पार्षदों के भाजपा के पक्ष में वोट डालने की आशंका है। इससे उसके राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं। स्टैंडिंग कमेटी मेम्बर और जोन चेयरमैन के चुनाव में वोट डाल सकते हैं। जोनल इलेक्शन में भी इनका असर पड़ सकता है। जहां तक तकनीकी मुद्दों का सवाल है, कोई भी राजनीतिक दल अदालत जाने को स्वतंत्र है। अगर बहुमत की दृष्टि से देखा जाए तो महापौर आम आदमी पार्टी का बनना चाहिए। क्योंकि नगर निगम में दल-बदल कानून लागू नहीं होता। इसलिए क्रॉस वोटिंग का डर बना हुआ है।

आम आदमी पार्टी ने पहले ही यह आरोप लगाना शुरू कर दिया था कि भाजपा उनका महापौर न बनने देने के लिए षड्यंत्र रच रही है। आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच दोनों ही पक्ष पूरी तैयारी के साथ आए थे। आज के दौर में दल-बदल, तोड़फोड़ होना आम बात है। जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य जनसेवा नहीं बल्कि जीत हासिल कर विशुद्ध व्यवसाय करना है। सियासत आज पूरी तरह से धंधा बन चुकी है और इसलिए बाजार खुला हुआ है। घोड़ों की खरीद-फरोख्त के लिए व्यापारी बैठे हुए हैं। धन कमाने वाले महंगी कीमत पर बिकने को तैयार रहते हैं। राजनीति सिद्धांतविहीन हो चुकी है। इसलिए जनता के बीच जनप्रतिनिधियों की साख काफी घट चुकी है। सवाल यह नहीं कि महापौर और उपमहापौर कौन बनता है। हारती है तो सिर्फ जनता। दिल्ली नगर निगम के सदन में हंगामें के दृश्य देख जनता की उम्मीदें जमीन सूंघने लगी है और सवाल उठ रहे हैं कि कौन बनाएगा दिल्ली को पेरिस, कौन हटवाएगा कूड़े के ढेर। कौन स्थापित करेगा दिल्ली की बढ़ती आबादी को झेलने वाला बुनियादी ढांचा। प्रदूषित हो चुके सियासी वातावरण में कौन बनाएगा राजधानी को हरा-भरा।




मेषः- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

बृषभः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

मिथुनः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

कर्कः- महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

सिंहः- अपने पद एवं मयार्दा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

कन्याः- नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

तुलाः- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

वृश्चिकः- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

धनुः- वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकरः- सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

कुंभः- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

मीनः- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

# आखिर घोटी घुसमारा से लांजी गोंदिया पंहुच मार्ग को कब मिलेगी स्वीकृति

## शासन प्रशासन से उम्मीद की आश लगाए बैठे स्कूली छात्र और ग्रामीण





**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी तहसील अंतर्गत अनेकों ऐसे ग्राम है जो आज भी पिछड़े हुए हैं, जंहा सड़कों का जाल शुन्य के बराबर है। बात लांजी मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घोटी घुसमारा की है जंहा की जनता आज भी पक्की सड़क के लिए आंसू बहा रहे हैं। घोटी घुसमारा के अधिकांश छात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं। ग्राम पंचायत पाथरगाव अंतर्गत सीएम राइस विद्यालय का कैंपस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विगत कई वर्षों से संचालित है, जिसमें कक्षा 6 वी से 12 वी तक कक्षायें संचालित है उक्त कक्षाओं में वर्तमान में लगभग 800 छात्र छात्राये अध्यनरत है। यहां ग्राम घोटी घुसमारा के अनेक छात्र - छात्राएं अध्यन करने आते है। इन मार्गों से बरसात के दिनों के साथ अन्य दिनों में भी स्कूली छात्र - छात्राओं के अलावा ग्रामीणों को आने जाने में कठीनाईयों का सामना करना पड़ता है। निर्माणाधिन लांजी - गोंदिया राज्यमार्ग से ग्राम घोटी घुसमारा तक की दुरी लगभग 2 कि.मी. है। वहीं उस मार्ग पर एक छोटा सा नाला भी हैं। ग्रामीण नहर के मार्ग से अपना आवागमन करते हैं जो कि स्वयं नहर भी अपनी बदहाली समेटे हुए है।

**घोटी घुसमारा के छात्र कर चुके हैं विद्यालय में टाप**-ज्ञात हो कि विगत वर्षों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में अध्ययनरत छात्र नितिन होलराज चौहान, प्रविण चन्द्रिकापुरे एवं अन्य छात्रों ने प्राविण्य सूची में नाम दर्ज किया है। वहीं वर्तमान में छात्र छात्राएं अपनी शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं लेकिन घोटी घुसमारा से पाथरगांव पंहुच मार्ग पुरी तरह से कच्चा है जिससे आवागमन करना बहुत ही कठीन है। ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने शासन प्रशासन, क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों से उक्त मार्ग को पक्की सड़क में तब्दील कराने की मांग की है।

# नशा हटाओ बेटा बचाओं संगठन ने बोथली में निकाली नशा मुक्ति अभियान रैली

## ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य एवं सरिता प्रभा चंदाहे सरपंच ने किया नेतृत्व

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**बालाघाट।** जिले की विकासखण्ड लांजी में नशा हटाओ बेटा बचाओं संगठन की राष्ट्रीय सचिव जिला पंचायत सदस्य ज्योति ईश्वर उमरें के नेतृत्व में तथा सरिता प्रभा चंदाहे की अध्यक्षता में नशामुक्ति रैली का आयोजन विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले गांव बोथली में समुह की महिलाओं एवं ग्राम की सैकड़ों महिलाओं के द्वारा रैली निकाली गई। इस रैली में ग्राम की सैकड़ों महिलाओं ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया हैं। सभी महिलाओं के द्वारा रैली के दौरान गांव में बिक रही चोरी चुपके अवैध शराब कारोबारियों पर नारेबाजी कर तंज कसा गया और हिदायत दी गई कि अवैध शराब बिक्री करने वाले कारोबारी अपनी दारू की दुकान बन्द कर दें।

नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बोथली में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में ज्योति ईश्वर उमरे ने कहा कि प्रत्येक ग्राम व क्षेत्र को नशामुक्त बनाएंगे, और इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की टीम बनाई जा रही है, जो शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाएंगी। हम सब मिलकर जब तक पहल नहीं करेंगे तब तक अपने गांव को अपने क्षेत्र को नशा मुक्त नहीं बना सकते। मैं प्रत्येक युवाओं से आग्रह करती हूं की सभी नशे से दुर रहे इसी नशे के कारण बेटा बिगड़ जाए तो पूरा परिवार तहस-नहस हो जाता है। जो बेटा नशे का आदी है उसे एकदम से सुधार नहीं सकते लेकिन सुधारने की कोशिश कर सकते हैं। जो छोटे बच्चे हैं युवा है इनको समझाने की आवश्यकता है कि नशा की ओर ना जाए और अच्छे चीजों का आदी बने। ज्योति उमरे ने नशा हटाओ बेटा बचाओं अभियान को समर्थन देने की अपील की। रैली के दौरान बहेला थाने की पुलिस मौजूद रही।



**इन महिलाओं ने दिया नशा मुक्त ग्राम अभियान को समर्थन**-ग्राम पंचायत बोथली की सरपंच श्रीमती सरिता प्रभा चंदाहे तथा समुह की महिलाएं श्रीमती नेहा एड़े, कुलवंती बसेना, हुलसी बसेना, रेखा दशरिया, त्रिवेणी दमाहे, प्रेमकुमारी बम्बुरे, कविता बोहने, लक्ष्मी चिखले, श्यामवती बनोठे, कमलाबाई नंदा, फुलवंती बोहने, सरिता चंदाहे, तरासन नागपुरे, पुष्पा बसेना, रेंवती बनोठे, सरस्वती भंनारे, सुलोचना कुंभरे, उर्मिला बम्बुरे, तराशन नगपुरे, यमुना बाई ऐड़े एवं ग्राम की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

# परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**हमेश कटरे रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



कक्षा 10 वीं मुख्य परीक्षा 2022 में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु 01 दिवसीय प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यक्रम 9 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में प्रात~ 11 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिले के गणित एवं अंग्रेजी विषय के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 30 विद्यालयों के गणित विषय के 36 शिक्षक एवं अंग्रेजी विषय के 33 शिक्षकों को परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण के पूर्व एवं पश्चात में टेस्ट भी लिया किया गया। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट ए के उपाध्याय ने पहुंचकर शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।

# अधीक्षण यंत्री विद्युत बाधित होने की शिकायत मिलने पर तत्काल ठीक कराएं : कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अधीक्षण यंत्री, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. भिण्ड संभागीय यंत्री/ सहायक यंत्री /कनिष्ठ यंत्री (समस्त) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. को निर्देशित किया है कि विद्युत बाधित होने की शिकायत मिलने पर तत्काल ठीक करने की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि भिण्ड नगर एवं विकास खण्ड स्तर पर विभिन्न स्थानों पर आये दिन विद्युत केबल टूटने/जलने, जम्फर टूटने, डीओ टूटने एवं अन्य प्रकार की कमियों के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है एवं शिकायत करने के उपरांत भी काफी समय तक सुधार कार्य नहीं होता है, जिससे आमजन को अत्यंत समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा असंतोष व्याप्त होता है। विद्युत विभाग द्वारा समय पर शिकायत का त्वरित निराकरण न करने के कारण बड़ी संख्या में वरिष्ठ स्तर पर भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अधीक्षण यंत्री, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. भिण्ड संभागीय यंत्री/ सहायक यंत्री /कनिष्ठ यंत्री (समस्त) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. को निर्देशित किया है कि उपरोक्त स्थिति के परिप्रेक्ष्य में निर्देशित किया जाता है कि तत्काल इस संबंध में सुदृढ़ आवश्यक व्यवस्था करें, ताकि विद्युत बाधित न हो। साथ ही सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निराकरण आपकी रिस्पॉन्स टीम द्वारा प्राथमिकता से तत्परतापूर्वक किया जाकर विद्युत आपूर्ति शीघ्रातिशीघ्र बहाल की जाये।

# पंवार छात्रवास बालाघाट में क्षत्रिय पंवार समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

## वार्षिक कार्यक्रम को लेकर बनाई रूपरेखा


**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**






जिला क्षत्रिय पंवार समाज संगठन बालाघाट की बैठक पंवार छात्रावास भवन में समाज के सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक अयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज तथा समाज की कुलदेवी मां गढ़कालिका देवी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। बैठक में राजाभोज की जयंती, समाज का वार्षिक अधिवेशन और सामाजिक अधोसंरचना पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ में पंवार समाज की युवा समिति का विस्तृत विस्तारीकरण हुआ। इसी तारतम्य में समाज के संरक्षक एवम पदाधिकारियों ने अपने मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम में पंवार समाज के पूर्व अध्यक्ष ड़िरसागर पारधी, महासचिव शेषराम राहंगडाले, उपाध्यक्ष यशवन्त शरणागत, कोषाध्यक्ष दिलीप राहंगडाले, युवा समिति के अध्यक्ष गुड्डा चौधरी, उपाध्यक्ष नरेश पारधी, सचिव दीपक राहंगडाले, कोषाध्यक्ष रजत कटरे एवं पंवार समाज के सैकड़ों स्वजातीय बंधुओं की गरिमामई उपस्थिति में कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान विशेष उपस्थिति डॉ नरेंद्र हरिनखेड़े, वेदप्रकाश पटेल, दिलीप पटेल, डॉ शेरसिंह बिसेन, राज हरिनखेरे, अधिवक्ता जीएल गौतम, विशाल बिसेन, दिलीप रिनायत, जितेन्द्र चौधरी, गुणेंद्र बिसेन ने मंच संचालन कर सभी साथियों ने अपने विचार व्यक्त कर समाज को गति प्रदान करने के लिए अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। पंवार समाज के कर्मठ कोषाध्यक्ष दिलीप राहंगडाले के द्वारा वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। युवा अध्यक्ष गुड्डा चौधरी ने युवा कार्यकारिणी का विस्तारीकरण किया और समाज के वरिष्ठ के मार्गदर्शन में काम करने के लिए प्रेरित किया।

# मछुआरों के लिए निषाद राज भवन बनाने वाला प्रदेश का प्रथम जिला बालाघाट



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले में नदियों, जलाशयों एवं तालाबों की अधिक संख्या होने के कारण यहां पर मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त वातावरण है। बालाघाट जिला मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला है। यहां पर मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने के लिए मछुआरों को बुनियादी सुविधायें भी उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसा ही एक नवाचार प्रदेश में पहली बार बालाघाट जिले में किया गया है। यहां पर मनरेगा एवं 15 वें वित्त आयोग की राशि से मछुआरों की सुविधा के लिए (फिशयार्ड) निषाद राज भवन बनाये जा रहे है। इसकी प्रदेश स्तर पर सराहना हो रही है। (फिशयार्ड) निषाद राज भवन बनाकर बालाघाट जिले ने अन्य जिलों को भी मछुआरों को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया है। मत्सयाखेट एवं मत्स्य पालन के दौरान मछुआरों की समस्याओं जैसे ठंडी, गर्मी, बरसात के मौसम में पानी के भीतर जाकर कार्य करने, उनके गीले कपड़ों एवं जाल को सुखाने एवं व्यक्तिगत समान आदि की सुरक्षा, मत्स्याखेट की सामग्री जाल आदि रखने की व्यवस्था नहीं होना, भोजन सामग्री रखने की व्यवस्था नहीं होना, मछुआरों के बैठने सोने आदि के लिए उचित स्थान नहीं होना, रात में तालाब में रहने रुकने की व्यवस्था ना होने के कारण मछली चोरी होने का भय हमेशा बना रहता है। इससे बचने के लिए मछुआरों को प्रति दिन घर से तालाब तक समान लाने ले जाने का अधिक श्रम करना प?ता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए मनरेगा एवं 15 वें वित्त से कन्वर्जेंस कर निषाद राज भवन निर्माण किए जाने की परिकल्पना की गई है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार की इस पहल की सम्पूर्ण प्रदेश में सराहना की जा रही है। निषादराज भवन (फिशयार्ड) निर्माण के लिए मनरेगा मद से 1.21 लाख रुपये एवं 15 वें वित्त से 1.56 लाख रुपये मिलाकर कुल 2.77 लाख रुपये की राशि से दोनों योजनाओं के अभिसरण से सम्पूर्ण निर्माण कार्य कराए जाने की योजना तैयार की गई है। इस योजना के प्रथम चरण में जिले के सिंचाई विभाग के ब? तालाब एवं प्रत्येक जनपद पंचायत से 10-10 इस प्रकार जिले में कुल 101 निषादराज भवन (फिशयार्ड) कार्य की स्वीकृति दी गई है। इसमें में 19 कार्य पूर्ण किये जा चुके है और शेष कार्य प्रगति पर हैं। बालाघाट जिले में किये गये इस नवाचार से मछुआ समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके आत्मसम्मान आत्मविश्वास को जागृत करने, साफ एवं स्वच्छ वातावरण में मत्स्याखेट करने एवं सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से फिशयार्ड निषाद राज भवन निर्माण की परिकल्पना साकार हो रही है।

# साकेत पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी नगर में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालयों में से एक साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी के द्वारा कक्षा 11वी एवं 12वी की विज्ञान संकाय का तीन दिवसीय 05 जनवरी से 08 जनवरी तक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम छात्र छात्राओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि लाने के उद्देश्य से संस्था के संचालक संतोष कुमार मोरघडे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सागर ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इंडस्ट्रीज एवं सिविल कंस्ट्रक्शन भोपाल के सहयोग से किया गया, जिसमें प्रथम दिवस सागर ग्रुप द्वारा छात्र छात्राओं को इंजीनियरिंग शाखा की ब्रांच की लैब एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान कर कार्यशाला आयोजित की गई। द्वितीय चरण में छात्र छात्राओं को रीजनल साइंस सेंटर भोपाल का भ्रमण कराया गया जहां छात्र-छात्राओं को भौतिकी रसायन एवं गणित से संबंधित जानकारी दी गई एवं तारामंडल का प्रदर्शन दिखाया गया। द्वितीय दिवस छात्र-छात्राओं को सागर समूह द्वारा रायसेन स्थित धागा फैक्ट्री एवं कपड़ा निर्माण इकाई का भ्रमण कराकर विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से निर्माण इकाई के विभिन्न पहलू को समझाया गया जहां छात्र छात्राओं को निर्माण से लेकर मार्केट तक की जानकारी सविस्तार बताया गया। द्वितीय दिवस के द्वितीय चरण में छात्र छात्राओं को भोपाल स्थित बड़ी झील का भ्रमण कराया गया एवं तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतिम दिवस में छात्र छात्राओं को उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करा कर महाकाल लोक का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम में सागर ग्रुप के रविंद्र पाराशर एवं पंकज डहरवाल द्वारा भ्रमण आवास एवं भोजन की समस्त व्यवस्था की गई एवं समय समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में साकेत पब्लिक स्कूल से 30 छात्र छात्राओं एवं शिक्षक टी. चौहान एवं शिक्षिका ज्योति परिहार भी सम्मिलित थे।




**शैक्षणिक भ्रमण से छात्र छात्राओं में विज्ञान को लेकर रूचि जागृत होती हैं- संतोष मोरघड़े संचालक**-चर्चा में साकेत पब्लिक स्कूल के संचालक संतोष कुमार मोरघड़े ने बताया की प्रतिवर्ष संस्था के द्वारा छात्र छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी छात्र छात्राओं को सागर ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इंडस्ट्रीज एवं सिविल कंस्ट्रक्शन भोपाल के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं को विज्ञान से जुड़े हुए इंजीनियरिंग एवं तकनीकी स्थलों का भ्रमण कराया गया जो छात्र छात्राओं के लिए बहुत ही लाभप्रद एवं कारगर सिद्ध होंगे।

# बोलेगांव में प्रतिमा भरतद्वाज, बेनेगांव से संतोष बुढावने एवं सिरेगांव से शशिकला धर्मेन्द्र भटेरे बने सरपंच

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी- बालाघाट जिले की लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत 3 ग्राम पंचायते ऐसी थी जिनके त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के वक्त चुनाव नही हो पाये थे, ग्रामीणो के द्वारा चुनाव का बहिष्कार किया गया था जिसके चलते इन तीन ग्राम पंचायत जिनमें बोलेगांव, बेनेगांव एवं सिरेगांव पंचायते थी जहां आम निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण नही कि गई थी लेकिन अब इन तीनो ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं पंच के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई है। 5 जनवरी को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हुई एवं 9 जनवरी को मतगणना की जाकर गांव की सरकार बन गई। तीनो ग्राम पंचायतो में ग्राम पंचायत बोलेगांव से प्रतिमा अनिल भरतद्वाज, ग्राम पंचाचत बेनेगांव से संतोष बुढावने एवं ग्राम पंचायत सिरेगांव से शशिकला धर्मेन्द्र भटेरे निर्वाचित हुये है, जिन्हे रिटर्निंग अधिकारी परस्ते के द्वारा विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किये है।

**सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुई मतगणना प्रक्रिया-** तीनो ही ग्राम पंचायते क्रमश~ बोलेगांव, बेनेगांव एवं सिरेगांव जंहा ईव्हीएम मशीन से चुनाव संपन्न कराये गये थे, सभी मशीने जनपद पंचायत लांजी के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई थी। जिसे 9 जनवरी को मतगणना प्रक्रिया के तहत बाहर निकाला गया। जनपद पंचायत लांजी के सभा गृह में मतगणना प्रक्रिया आयोजित की गई थी, जिसमें एसडीएम ज्योति ठाकुर, रिटर्निंग अधिकारी दिग्विजय परस्ते, पंचायत इन्सपेक्टर वेनेश्वर बिसेन, डीएल शरणागत उच्च श्रेणी



लिपिक, मास्टर ट्रेनर सुनील खरगाल, आनंद लटारे, विनय वंजारी, नरेश शिवणकर, महेन्द्र अवसरे, दिलीप सत्कार तथा पुलिस प्रशासन जिनमे लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, बहेला प्रभारी दिनेश भंवर तथा लांजी, बहेला एवं किरनापुर के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी चुनावी ड्यूटी मे उपस्थित रहे। यह सभी मतगणना कार्यक्रम मे लगे हुये थे, साथ ही प्रत्याशी एवं उनके एजेंटो के समक्ष मतगणना सभा गृह में प्रात~ 8 बजे से प्रारंभ हुई। तीनो ही पंचायतो के परिणाम 10 बजे तक घोषित किये गये तथा 10~30 बजे विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

**बोलेगांव सरपंच प्रतिमा भरतद्वाज 23 मतो से विजयी हुई-** निर्वाचन मतगणना में बोलेगांव पंचायत मे तीन प्रत्याशी चुनावी सफर मे थे, जिसमें श्रीमती बिन्देश्वरी प्रभुराम तिहड़, श्रीमती धनेश्वरी रेखलाल कावरे एवं श्रीमती प्रतिमा अनिल भरतद्वाज मैदान मे थे, जिसमें सर्वाधिक मत श्रीमती प्रतिमा अनिल भरतद्वाज को 688, बिन्देश्वरी प्रभुराम तिडके को 665 एवं धनेश्वरी रेखलाल कावरे को 195 मत प्राप्त हुये तथा नोटा को 33 मत इस तरह कुल 1581 मतदान हुआ था। सर्वाधिक मत प्राप्त करने पर प्रतिमा अनिल भरतद्वाज को 23 मतों से विजयी घोषित किया गया।

**बेनेगांव से संतोष बुढावने 46 मतो से हुये विजयी-** ग्राम पंचायत बेनेगांव में केवल 2 प्रत्याशी चुनावी सफर मे थे जिसमें संतोष परसराम बुढ़ावने एवं संतोष भैयालाल आवरे मैदान मे थे, बेनेगांव में कुल मतदान 829 हुआ था जिसमें सर्वाधिक मत संतोष परसराम बुढावने को 433 मत एवं संतोष भैयालाल आवरे को 387 मत तथा नोटा में 9 मत गिरे थे, सर्वाधिक मत संतोष बुढावने को प्राप्त जिससे वह 46 मतों से विजयी घोषित किये गये।

**सिरेगांव में शशिकला धर्मेन्द्र भटेरे 53 मतो से हुई विजयी-** ग्राम पंचायत सिरेगांव में सरपंच पद हेतु तीन प्रत्याशी चुनावी सफर मे थे, जिसमें श्रीमती शशिकला धर्मेन्द्र भटेरे, श्रीमती फनेन्द्र कालबेले, श्रीमती रेखा रामलाल नामुढते मैदान मे थे, मतगणना मे सर्वाधिक मत श्रीमती शशिकला भटेरे 565, श्रीमती गायत्री फनेन्द्र कालबेले को 512 तथा श्रीमती रेखा रामलाल नामुढ़ते को 308 मत एवं नोटा मे 10 प्राप्त हुये जिसके चलते सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली श्रीमती शशिकला धर्मेन्द्र भटेरे को 53 मतो से विजयी घोषित की गई।

**वियजी प्रत्याशियो ने मनाई जीत की खुशी-** जनपद पंचायत लांजी में तीनो ही पंचायतो के परिणाम घोषित होते ही उपस्थित प्रत्याशी एवं समर्थको के द्वारा जीत की खुशी गुलाल एवं आतीशबाजी कर तथा एक दुसरे को मिठाई बांटकर की गई। सभी विजयी सरपंच ग्राम मे पंहुचे जंहा ग्रामीणो के द्वारा सरपंचो को बधाई प्रेषित करते हुये उन्हे आशीर्वाद प्रदान कर जीत खुशी जाहिर की।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भिण्ड जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने मुलाकात की

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भोपाल (ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ व मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह से भिण्ड जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर आगामी 2023 के विषयों को लेकर भिंड जिले की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की।कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, सेवादल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पिंकी भदौरिया, वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष रेखा भदौरिया, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया,युवा नेता राजेंद्र सिंह परिहार साथ में उपस्थित रहे।

## गौसेवक रात्रि में बैठे गायों के साथ निर्वस्त्र, सुबह दिया न.पा. को ज्ञापन

गोहद। नगर पालिका कर्मचारियों की लापरवाहियां लगातार बढ़ती हुई नजर आ रही है बीमार एवं घायल गायों को सुरक्षित स्थान पर रखने की वजह वहीं मरने के लिए छोड देते हैं ऐसा ही वाकया कल गौशाला में देखने को मिला रविवार की शाम 7~30 बजे जब नगर पालिका कर्मचारी गौशाला में गायों के अलाव के लिए लकड़ियां डालने गए तो गौशाला में कुछ बीमार गाय खड़ी नहीं हो पा रही थी जिसे वहां के चौकीदार ने हाल में रखने की बात कही जिसको कर्मचारियों ने अनसुना कर दिया एवं वहां से निकल आए उसके पश्चात गौसेवकों ने लेबर व ठेकेदार जितेंद्र वाल्मीकि और नगर पालिका अध्यक्ष को इस विषय से अवगत कराया परन्तु जब रात्रि 10 बजे तक कोई सुनवाई नहीं हुई और गाय नहीं उठी और खुले आसमान के नीचे कंपकंपाती ठंड से सिसकती गायों के लिए गौसेवक निर्वस्त्र होकर गौशाला में बैठ गए और रामधुन का



जाप करने लगे उसके पश्चात नगर पालिका अधिकारी महेश पुरोहित जी द्वारा करीब रात 1 बजे नगर पालिका कर्मचारी एवं पशु वाहन द्वारा गायों को उठाया गया इसके पश्चात सुबह होते ही गौसेवकों ने नगर पालिका अधिकारी के नाम लापरवाही कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं गोहद नगर की सभी गायों को सर्दी से बचाने के लिए 3 दिन के अंदर गौशाला भेजे जाने की मांग की है अन्यथा गौसेवक समस्त गायों को रात्रि में गोहद नगर पालिका प्रांगण में बंद कर दिया जाएगा एवं तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें रामदास भटनागर, नरेंद्र राठौर, सर्वेश बाथम, अज्जु बाथम, मनीष वर्मा, अंकित गौड़, अंकित बरैया गौसेवक रात्रि में बैठे गायों के साथ निर्वस्त्र बैठे रहे एवं सुबह। नगरपालिका को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गोहद नगर पालिका कर्मचारियों की लापरवाहियां लगातार बढ़ती हुई नजर आ रही है, बीमार एवं घायल गायों को सुरक्षित स्थान पर रखने की वजह वहीं मरने के लिए छोड देते हैं, ऐसा ही वाकया कल गौशाला में देखने को मिला।

## रविकांत जाटव को पीएचडी की उपाधि

गोहद। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा गोहद (ग्राम सिरसौदा) के युवा साहित्यकार रविकांत जाटव (रवि गोहदपुरी) को हिंदी साहित्य में ÷साहित्य और सिनेमा के अंतसंबंध हिंदी कथा साहित्य के विशेष संदर्भ में÷ शीर्षक पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. सुभाष शर्मा (सहायक प्राध्यापक) शासकीय महाविद्यालय विजयपुर जिला-श्योपुर के निर्देशन में पूरा किया है। उनका शोधकेन्द्र- शासकीय व्ही. आर. जी. कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय मुरार था। साथ ही उन्होंने हिंदी सिनेमा पर साहित्य का प्रभाव शीर्षक पर 2016 में एम.फिल की उपाधि भी प्राप्त की हैं। रविकांत जाटव ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट भी ( दिसम्बर 19 ) में पास किया है। रविकांत जाटव को पीएचडी की उपाधि अवार्ड होने पर गोरेलाल विसोरिया (सहायक प्राध्यापक), डॉ. अमित शर्मा (सहायक प्राध्यापक) मंजुरानी (अध्यापक), मनीष




कुमार, पंकज पवैया, संजय पवैया आर्यन पवैया, कबीर पवैया आदि ने उन्होंने बधाई दी हैं। साहित्य और सिनेमा पर उनके द्वारा किया गया कार्य निश्चित ही आगे आने वाले नए शोधार्थियों के लिए उपयोगी होगा। क्योंकि सिनेमा की दुनिया ने हमेशा से ही सबको आकर्षित किया है और लोग इसमें कैरियर बनाने की भी सोचते हैं। उनको रविकांत जाटव का शोधकार्य राह दिखाएगा। वर्तमान में रविकांत जाटव मध्यप्रदेश पीएससी द्वारा आयोजित अस्सिटेंट प्रोफेसर की तैयारी कर रहे हैं।

## रेलवे की लापरवाही पुलों से नहीं निकला जा रहा पानी आवागमन में आ रही है परेशानी

### सहायक मंडल अभियंता के नाम एसडीएम ने लिखा पत्र



गोहद। उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर भिंड के बीच आवागमन के लिए बनाए गए पुलों में जल निकास व्यवस्था ना होने से आवागमन करते समय वाहन एवं राहगीरों को भारी परेशानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बूटी कुईया, खनेता ग्राम के लिए बने यात्री पैदल पुल के नीचे, एंडोरी छीमका मार्ग पर बना पुल इसी तरह इस मार्ग पर बनाए गए अन्य आधा दर्जन से अधिक पुलो में जल निकास ना होने से खेतों में सिंचाई के लिए नहरों से छोड़ा जाने वाला पानी पुल के नीचे भर जाता है पुल के नीचे पानी भरा होने से यहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को भारी परेशानी से होकर गुजरने पड़ रहा है। उत्तर मध्य रेलवे विभाग के सहायक मंडल अभियंता के नाम पत्र लिखकर पुलों के नीचे भरा पानी निकालने साथ ही पुल के आस पास जर्जर एप्रोच रोड सही कराने को लेकर पत्र लिखा गया है।

## सफलता के सोपान चड़ने में मददगार होंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

जीवन में सफलता के सोपानों पर चड़ने के लिए व्यक्तित्व विकास पर फोकस करने की बहुत जरूरत है। इसका मतलब आंतरिक विकास है। इसके लिए स्वामी विवेकानंद जैसे महान लोगों के विचारों को जीवन में अपनाना होगा। इसके बाद आप जीवन में लक्ष्य का निर्धारण कर सकेंगे और उस लक्ष्य को आसानी से पा भी सकेंगे। यह बात रामकृष्ण मठ पुणे से आए श्री प्रशांत लेले ने कही। वह राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में भारत की स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ एवं रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्वालियर और रामकृष्ण मिशन मठ पुणे के संयुक्त तत्वाधान में व्यक्तित्व विकास पर आयोजित व्याख्यान में बतौर वक्ता बोल रहे थे। इस दौरान स्वामी विवेकानंद से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य कुलानुशासक डॉ. संजय सिंह के साथ डॉ. मनीष करवड़े, डॉ. एसके मैथ्यू,



श्री विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. रंजना टोणपे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो. रंजना टोणपे और कुलसचिव श्री दिनेश पाठक ने दीप प्रज्वलन से किया। अंत में आभार डॉ. अंजना झा ने व्यक्त किया।

**समाज केंद्रित बनें-** स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुसार जरूरी नहीं कि हर काम खुद के फायदे के लिए हो। हमें समाज के लिए आग बड़कर काम करने की जरूरत है। समाज का विकास होगा तो हमारा विकास अपनेआप हो जाएगा।

**चरित्र निर्माण का पाठ जरूरी-** आजकल हर घर में झगड़े दिखाई देते हैं, क्योंकि अब संयुक्त परिवार की संकल्पना दिखाई नहीं देती। विवेकानंद जी के अनुसार हमें आने वाली पीड़ी को चरित्र निर्माण का पाठ पड़ाना होगा, तभी हम अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने में सफल होंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नमन



**ग्वालियर ।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की 57वीं पुण्यतिथि पर पडाव स्थित प्रतिमा स्थल पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उन्हें नमन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, कांग्रेस विभाग प्रकोष्ठ, पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित सभी कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

## गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सिकरवार ने समस्याओं का निदान कराने का दिलाया भरोसा

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 में गोदाम बस्ती एवं वार्ड क्रमांक 24 में शिवाजी नगर कुम्हरपुरा कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी चैपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आमजन की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि मैंने हमेशा आप लोगों की सेवा की है और हमेशा कोशिश की है कि आपकी हर समस्या का समाधान समय पर करा सकूं। विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता को भरोसा दिलाया कि आप की सभी समस्याओं का तत्परता से निराकरण कराया जायेगा। गांधी चौपाल कार्यक्रम में अजय देहलवार, नीरज त्रिवेदी, उपेन्द्र शर्मा, अभिषेक भदौरिया, गौरव मिगेश, अमन नरवरिया, कपिल शर्मा, भगवान दास पाल, राजू बाथम आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती वीणा भारद्वाज, पार्षद प्रमोद खरे, महादेव अपौरिया, बबलू सोन, आदित्य सेंगर, जसवंत शेजवार आदि मौजूद रहे।




## शहर विकास के लिये महापौर डॉ. सिकरवार की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित

**ग्वालियर।** ग्वालियर नगर के विकास एवं नगर की भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए दूरगामी नियोजन एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों की आधारभूत समस्याओं अथवा शिकायतों के निराकरण हेतु जन सहभागिता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार द्वारा गठित नगर निगम अशासकीय सलाहकार समिति की पहली बैठक बाल भवनके टीएलसी कक्ष में उनकी अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें गठित समिति के सदस्यों से शहर विकास के लिये अपने-अपने सुझाव दिये।गठित समिति में पूर्व आई.ए.एस. बीएम शर्मा ने सुझाव देते हुए शहर की सडकों को लेकर कहा कि जितनी सडकें बनाई जाती हैं अगले दिन किसी न किसी कार्य को लेकर उस सडक को खोद दिया जाता है। सडकों का डिजायन इस प्रकार बनायें कि उन पर जल भराव न हो। सीमेंट कंक्रीट की सडकों पर ज्यादा फोकस रहे। साथ ही कहा कि दो चरणों में बैठक आयोजित की जाए, प्राथमिकता के आधार पर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पहले बैठक हो इसके बाद शहर विकास की योजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की जाए। पूर्व आईएएस विनोद शर्मा ने कहा कि इस समिति में सभी तरह के लोगों को शामिल किया गया है। इसलिये सभी अपने-अपने अनुभव के आधार पर शहर का कैसे विकास कर सकते हैं इसके लिये सभी सुझाव लिखित में भी दें। जिससे उन पर अमल हो सके। साथ ही गंदगी, सडकें खोदने, पानी या पेड काटने वालों पर जुर्माना न करते हुए कोर्ट का चालान बनायें। साथ ही सभी घरों पर जीपीएस सिस्टम अपनायें जिससे ज्यादा से ज्यादा सम्पत्तिकर जमा हो सके और शहर में विकास कार्य आसानी से हो सके। पूर्व आईएएस आरके जैन ने सुझाव देते हुए कहा कि जो भी विकास कार्य किये जा रहे हैं उनकी समय सीमा निर्धारित हो, शहर बड रहा है उसके लियें रिंग रोडें बनाई जाएं जिससे ट्रैफिक को कंट्रोल किया जा सके। इसके साथ ही शहर में सुनियोजित पार्किंग की व्यवस्था की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। पूर्व आईएएस अखलेन्दू अरजरिया ने सुझाव देते हुए कहा कि बाजारों में पार्किंग की बहुत बडी समस्या है, कॉलोनियों में भी पार्किंग की व्यवस्था होना चाहिए, घरों के बाहर वाहन न खडे रहें। इसके साथ ही कोई भी विकास कार्य करते हैं तो उसकी लोंग बुक होना चाहिए जिससे पता रहे क्या कार्य होना है और कब तक होना है और क्या कार्य किया जा रहा है।पुरातत्व विभाग के प्रो. आर.ए शर्मा ने सुझाव दिया कि हर मौहल्ले, कॉलोनियों में बोर्ड लगायें उस पर उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारी का नाम दर्ज हो और वह क्या कार्य करता है वह भी अंकित हो जिससे क्षेत्र की जनता को किसी भी कार्य के लिये परेशानी नहीं उठानी पडेगी। वन सरंक्षक आईएफएस ओपी उचाडिया ने अधिक से अधिक वृक्षा रोपण किये जाने के लिये सुझाव दिया साथ ही कहा कि बर्सात से पहले वृक्षा रोपण की प्रोपर प्लानिंग हो। पूर्व संयुक्त संचालक कोषालय श्री दिनेश बाथम ने कहा कि शहर में जहां भी नई-नई कॉलोनियां बनाई जा रही हैं वहा फोर लेन सडकों का निर्माण होना चाहिए। जिससे भविष्य में ट्रेफिक समस्या न रहे। पूर्व मुख्य अभियंता आरएल भारतीय ने सुझाव देते हुए कहा कि शहर में पहले एक सेम्पल रोड बनाये जहां हर तरफ हरियाली हो सभी व्यवस्थायें व्यवस्थित हो, उसी रोड को दिखाकर शहर में अन्य रोडों को बनायें। रिटा. कार्यपालन यंत्री मोहर सिंह जादौन ने सुझाव देते हुए कहा कि सडक बनाने से पहले नालियों का डिजाइन बनायें अगर नाली का डिजायन नहीं बनायेगें तो सडकों पर ही पानी भरा रहेगा जिससे कम समय में ही सडक खराब हो जाती है। सडक की लाइफ बनाने के लिये नाली जरूर बनायें। हम एलिवेटेड रोडों पर ज्यादा फोकस करें जिससे रोडें कम खराब होंगी। इसके साथ ही सेल्फ क्लीनिंग वेलोसिटी के हिसाब से कार्य करें।



## पठान के गाने पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मुनमुन दत्ता ने दिखाई अपनी अदाएं, फैंस बोले-दीपिका को फेल कर दिया



टेलीविजन दुनिया का सबसे पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले काफी सालों से लोगों को इंटरटेन कर रहा है। इस शो के हर किरदार को दर्शक काफी पसंद करते हैं और उन्हें उनसे जुड़ी हर बात जानने के लिए काफी उत्सुक भी रहते हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा यह एक शो है जिसे हर उम्र के लोग देखते हैं और एन्जॉय भी करते है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता के किरदार में नजर आने वाली मुनमुना दत्ता एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं।बबीता के किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी फैन फॉलोइंग का भी कोई जवाब नहीं है। एक्ट्रेस अपने फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। मुनमुन के काफी सारे रील्स इंटरनेट पर वायरल भी होते हैं। मुनमुन दत्ता ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपना एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। मुनमुन अपने इस वीडियो में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की आनेवाली फिल्म पठान के गाने बेशरम रंग की धुन पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने पर एक्ट्रेस की कातिल अदाएं सभी को अपना दीवाना बना रही हैं। मुनमुन ने एक शिमर कॉपर कलर की ड्रेस पहन रखी है जिसमें वो बेहद ही दिलकश लग रही हैं। अपने लुक को पूरा करने के लिए अदाकारा ने स्टोनवर्क स्टेटमेंट इयररिंग्स पहने हुए है। अभिनेत्री की इस वीडियो पर सोशल मीडिया पर जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं फैंस तो अपनी फेवरेट एक्ट्रेस के डांस को देखने के बाद उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपका पठान सॉन्ग को लेकर क्या कहना है? एक और यूजर ने लिखा, कुछ लोगों को पछाड़ना मुश्किल है और आप उन्हें में से एक हस्ती है।ए एक अन्य यूजर ने लिखा, मैम आपने तो इस सॉन्ग में दीपिका को फेल कर दिया।

# रिचा चड्ढा

## ने कभी लगाई थी कास्टिंग डायरेक्टर की क्लास, महज 23 साल की उम्र में ऑफर हुआ था इस एक्टर की मां का रोल




रिचा चड्ढा बी टाउन की बेबाक एक्ट्रेस में से एक है। रिचा ने कड़ी मेहनत के बाद इस इंडस्ट्री में अपने लिए ये मुकाम हासिल किया है कि आज वो सबके दिलों में एक खास पहचान रखती है। रिचा चड्ढा आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही है। रिचा ने अपने अब तक के करियर में कई बेहतरीन रोल निभाए है लेकिन एक वक्त ऐसी भी था जब उन्हें एक फिल्म में एक्टर के मां का रोल ऑफर किया गया था, जिस पर रिचा चड्ढा आग बबूला हो गई थी। रिचा चड्ढा ने इस फिल्मी दुनिया में अपने लिए ये मुकाम इतनी आसानी से और एक दिन में हासिल नहीं किया है। उन्होंने फिल्म ह्यमसानह्न, ह्यफुकरेह्न, ह्यगैंग्स ऑफ वासेपुरह्न में ऐसे ऐसे किरदार निभाए है, जिन्हें इतनी आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है,लेकिन हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रिचा ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कई किस्से शेयर किए। रिचा चड्ढा कहती हैं की उनके साथ कई बार ज्यादती की गई है। रिचा ने खुलासा करते हुए कहा कि एक बार उनकी कॉस्ट्युम सिल चुकी थीं, सब डन हो गया था कि तभी अचानक कॉल आया कि काम नहीं बन पाएगा और उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही रिचा ने बताया कि एक बार फिल्म के लिए नई भाषा सीखने से लेकर उन्होंने बाइक चलाना तक सीख लिया था लेकिन उन्हें फिल्म से आखिरी वक्त में बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ साथ रिचा ने बताया कि एक बार तो उन्हें किसी फिल्म के लिए एक्टर ऋतिक रोशन की मां का रोल ऑफर किया गया था। हैरानी की बात ये है कि जिस वक्त उन्हें ये रोल ऑफर हुआ, उस वक्त वो महज 23 साल की थीं। रिचा ने इस पर कास्टिंग डायरेक्टर से पूछा कि क्या आपकी आंखें ठीक नहीं है या चश्मा टूट गया है। अपने कास्टिंग डायरेक्टर को रिचा ने मुंहतोड़ जवाब दिया और ये रोल करने से मना कर दिया था।

## अभिषेक बच्चन की टीम ने जीता कबड्डी सीजन 9 का खिताब, पत्नी और बेटी के साथ लगाए जमकर ठुमके



बॉलीवुड के कई सितारे ऐसे भी है जो फिल्मों के साथ-साथ खेल में भी खासा दिलचस्पी रखते हैं। और इसी लिस्ट में एक नाम बॉलीवुड के सुपरस्टार अभिषेक बच्चन का भी हैं। दरअसल लम्बे समय से अभिषेक कबड्डी के शौकीन है। और एक्टर का अपना कबड्डी टीम भी है जिसका नाम जयपुर विंक पैंथर हैं। वही बीते दिन कबड्डी लीग का फिनाले हुआ जिसमे अभिषेक की टीम ने शानदार जीत अपने नाम कर ली हैं। दरअसल अभिषेक बच्चन को हाल ही में प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में अपनी टीम जयपुर पिंक पैंथर का हौसला बढ़ाते हुए स्पॉट किया गया। इस दौरान अभिषेक के साथ उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आए। दरअसल प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 का फिनाले था, जिसमें कपल अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंचा था। हालांकि उनकी टीम ने इस 9वें सीजन की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। वही इस जीत का जश्न एक्टर ने बड़े ही शानदार तरीके से मनाय। जहां अभिषेक ने टीम की जीत की खुशी में खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने भरे स्टेडियम में पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन को गले लगा लिया। इसके साथ ही उन्होंने खूब डांस भी किया। इस खास मौके की कुछ शानदार तस्वीरों को अभिषेक और ऐश्वर्या ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है।एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने भी सोशल मीडिया पर कई तस्वीरे शेयर की हैं। पहली तस्वीर में आराध्या ट्रॉफी लिए हुए हैं। दूसरी तस्वीर में ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या ट्रॉफी के साथ हैं। आखिर में आराध्या और ऐश्वर्या सेल्फी ले रहे हैं। कैप्शन में लिखा-जयपुर पिंक पैंथर्स प्रो कबड्डी सीजन 9 का चैम्पियन है। कमाल का सीजन रहा। हमें अपनी टीम पर गर्व है जिसमें टैलेंटेड और मेहनती खिलाड़ी हैं। हमेशा भगवान का आशीर्वाद रहे। प्यार, लाइट और ज्यादा ताकत मिले। चमकते रहो। ऐश्वर्या के अलावा अभिषेक ने भी अपनी टीम के साथ कई तस्वीरें पोस्ट की और अपनी खुशी जाहिर की उन्होंने लिखा- टीम पर गर्व है..



## पठान को लेकर जारी विवाद के बीच शाहरूख खान को हुई ये बीमारी, फैंस हुए परेशान

बॉलीवुड के किंग खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यपठानह्न को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। इस फिल्म को लेकर लोग जितना एक्साइटेड थे, उससे भी ज्यादा अब फिल्म का विरोध होता नजर आ रहा है। रिलीज के पहले ही फिल्म के गाने ह्यबेशरम रंगह्न ने जो तूफान मचाया है वो फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म को लेकर जारी विवाद के बीच शाहरूख खान का बयान भी आया था और हाल ही उन्होंने अपने फैंस को अपनी बीमारी के बारे में जानकारी दी।दरअसल, हाल ही में ट्विटर पर शाहरुख खान ने ॊा डम ।दलजीपदह नाम से एक सेशन रखा था। ऐसे में शाहरुख खान ने इस बात का खुलासा भी किया कि वो इस वक्त एक बीमारी से जूझ रहे है। शाहरुख खान ने बताया कि वो इन दिनों एक इंफेक्शन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्हें रोजाना दाल चावल ही खाना पड़ रहा है। बीमारी से रिकवर होने के लिए एक्टर एक खास डायट फॉलो कर रहे है, जिस बात की जानकारी भी उन्होंने खुद अपने फैंस को दी। अब किंग खान को कोई तकलीफ हो और उनके फैंस को उनकी चिंता न हो, ऐसा होना तो नामुमकिन है। शाहरूख खान के अपनी बीमारी के बारे में बताने के बाद अब उनके फैंस भी उनकी जल्द से जल्द ठीक होने की कामना कर रहे है। कोई यूजर उन्हें अपनी ख्याल रखने की बात सलाह दे रहा है तो वहीं किसी ने कहा कि उन्हें उचित आराम करने की कोशिश करनी चाहिए। शाहरूख खान ने अपने फैंस के साथ जुड़ने के लिए ॊा डम ।दलजीपदह सेशन का आयोजन किया जहां उनकी फिल्म को लेकर विवाद को लेकर भी एक्टर से कई सवाल किए गए।



## दिग्गज अभिनेत्री तबस्सुम का दिल का दौरा पड़ने से निधन, 78 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

फिल्म जगत से बड़ी ही दुखद खबर सामने आई है। हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री तबस्सुम गोविल ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। 19 नवंबर की शाम कार्डियक अरेस्ट आने से 78 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया। तबस्सुम गोविल ने बॉलीवुड में लंबे समय तक काम किया है उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट ही फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इस खबर के सामने आने के बाद से ही फिल्मी गलियारों में मातम परस गया है। बता दें कि तबस्सुम ने साल 1947 में बाल कलाकार के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की और बेहद लोकप्रिय भी रहीं। दर्शकों ने उन्हें बेबी तब्बसुम नाम दे दिया। तबस्सुम को हिंदी सिनेमा की सदाबहार अभिनेत्री के रूप में जाना जाता था। तबस्सुम को उनके शो शफूल खिले हैं गुलशन गुलशन के लिए खासतौर से जाना गया, जो दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ। इसके अलावा वह कई फिल्मों और टीवी शो में नजर आईं। हर कोई दिग्गज एक्ट्रेस के इस तरह चले जाने से सदमे में है। पिछले काफी वक्त से तबस्सुम सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थीं। वह इन दिनों अपना खुद का एक यूट्यूब चौनल भी चलाती थीं। शतबस्सुम टॉकीजश नाम के अपने यूट्यूब चौनल में वह फैंस को फिल्मी किस्सों से रूबरू कराती थीं। वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी अक्सर थ्रौबैक तस्वीरें साझा करती नजर आती थीं। उनकी आखिरी पोस्ट भी फिल्म यादों की बारात (1973) की क्लिप है। तबस्सुम का जन्म साल 1944 में मुंबई में अयोध्यानाथ सचदेव और मां असगरी बेगम के घर हुआ। तबस्सुम के माता-पिता फ्रीडम फाइटर थे। तबस्सुम के नाम के पीछे भी काफी दिलचस्प कहानी है। खबरों के मुताबिक एक्ट्रेस के पिता ने अपनी पत्नी यानि तबस्सुम की मां की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए उन्हें तबस्सुम नाम दिया। वहीं मां असगरी बेगम ने तबस्सुम को किरण बाला नाम दिया था।

## अचानक शहनाज को आई सिद्धार्थ शुक्ला की याद, कहा- थैंक यू मेरी लाइफ में आने के लिए...



बॉलीवुड में कुछ जोड़ियां जुदा होने के बाद भी उन्हें हमेशा याद किया जाता हैं। और इन्ही जोड़ियों की लिस्ट में एक जोड़ी शहनाज गिल और दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला का भी हैं। भले ही सिद्धार्थ ने शहनाज को जिन्दगी के सफर में अकेला छोड़ दिया हैं। लेकिन आज भी शहनाज को जब भी कोई उपलब्धि मिलती हैं वो सबसे पहले सिद्धार्थ को ही याद करती हैं। और इस बार भी कुछ ऐसा ही देखना को मिला जब फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट अवार्ड शो 2022 में स्टेज पर सिद्धार्थ को याद कर इमोशनल होती दिखी शहनाज गिल। दरअसल दुबई में बॉलीवुड सितारों से सजी फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट 2022 की शाम में ढेर सारी मस्ती देखने को मिली।जहां इंडस्ट्री के कई सितारे इस अवार्ड नाईट में जान डालते दिखे इनमे रणवीर सिंह से लेकर गोविंदा तक इस स्टार स्टडेड अवॉर्ड नाइट में पहुंचे। वही इस अवार्ड शो में सबकी चाहती और बबली क्वीन शहनाज गिल भी नजर आई। जिनका सिद्धार्थ को याद करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं। दरअसल फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स अवॉड्र्स की नाइट में शहनाज गिल को राइजिंग स्टार ऑफ बॉलीवुड का अवॉर्ड दिया गया। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो सामने आया है, जिसमें शहनाज स्टेज पर अवॉर्ड को लेते दिखाई दे रही हैं। वही अवॉर्ड लेते हुए शहनाज काफी खुश थीं लेकिन एक पल के लिए सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर भावुक भी हो गई। अवॉर्ड लेते हुए और स्पीच देते वक्त शहनाज, सिद्धार्थ को याद कर इमोशनल हो गई। उन्होंने स्पीच में कहा कि वह अपनी कामयाबी के लिए किसी को भी धन्यवाद नहीं कहेंगी। शहनाज ने कहा, मैं अपनी फैमिली, मेरे फ्रेंड्स, मेरी टीम किसी को भी यह अवॉर्ड डेडीकेट नहीं करूंगी क्योंकि यह मेरी मेहनत है, तू मेरा है और मेरा ही रहेगा। ठीक है, सुनो एक चीज और...मैं एक बंदे को शुक्रिया कहना चाहती हूं। थैंक यू मेरी लाइफ में आने के लिए...मुझ में इतना इन्वेस्ट किया कि आज मैं यहां पहुंची हूं। थैंक यू सिद्धार्थ शुक्ला। दिस इज फॉर यू। बिग बॉस के घर से शुरू हुआ ये दोस्ती कब प्यार में बदल गया किसी को पता ही नहीं चला।

# आयुर्वेदिक महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी व ई-लेंग्वेज लैब शुरू करें: संभाग आयुक्त्

**ग्वालियर।** आयुर्वेदिक महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी व ई-लेग्वेज लैब तैयार करें। साथ ही हर्बल सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की कार्य योजना भी बना?। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराने के लिए आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय की व्यवस्थायें भी हर समय सुदृढ रहना चाहिए। इस आश्य के निर्देश संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। संभाग आयुक्त् सिंह ने सोमवार को शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त सिंह ने इस अवसर पर यह भी निर्देश दिये कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव कराने के लिये आने वाली सभी महिलाओं को भी मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता व जननी सुरक्षा योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाएँ। इसमें किसी भी प्रकार की ठिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर महिलाओं को प्रसूति सहायता का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त् ने कार्यपालन यंत्री, ईएनडम को महाविद्यालय के सभा कक्ष में पी ए सिस्टम की व्यवस्था करने के लिये निर्देशित किया।



# जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं मीडिया द्वारा दी गई पीआरओ सोलापुरकर की माताश्री को पुष्पांजलि

**ग्वालियर।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय ग्वालियर के प्रभारी एवं नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी मधु सोलापुरकर की माताश्री नलिनी सोलापुरकर के निधन पर सोमवार को फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार, विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार व प्रवीण पाठक, मप्र बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल, जीतेन्द्र मुदगल, अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता, आर के श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्वालियर प्रेस क्लब एवं अन्य संस्थाओं से जुडे पत्रकारगणों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर स्व नलिनी सोलापुरकर को श्रद्धांजलि प्रदान की। इस अवसर पर स्व नलिनी सोलापुरकर के सुपुत्र भूषण सोलापुरकर व मधु सोलापुरकर भी मौजूद थे।



# हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनेगा भारतीय गरिमा का शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस

**ग्वालियर ।** भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ सम्पूर्ण देश की भाँति ग्वालियर जिले में भी परंपरागत ?ग से उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मुख्य समारोह कम्पू स्थित एस ए एफ ग्राउण्ड पर आयोजित होगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने मुख्य समारोह की तैयारियों के सिलसिले में सोमवार को बैठक लेकर विभिन्न अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में निर्देश दिये गए कि गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने के लिये उन्हीं शासकीय सेवकों के नाम भेजें जाएं जिन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन में उल्लेखनीय कार्य किया है। बैठक में अपर कलेक्टर एचबी शर्मा, जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मौजूद थे। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्त परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कारगिल शहीदो के परिजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय झांकिया समारोह का मुख्य आकर्षण होगी। मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह के लिये दायित्व निर्धारित करते हुये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन सावधानी पूर्वक करें और इस बात का ध्यान रखें कि कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत व भारतीय संस्कृति पर केन्द्रित हो। उन्होने निर्देश दिये कि सभी तैयारियां गणतंत्र दिवस की गरिमा को ध्यान में रखकर पूर्ण की जायें। अपर कलेक्टर एच बी शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ स्काउट गाइड व एन सी सी आदि के बच्चे भी कदम ताल मिला सकें इसके लिये इनको भी परेड का नियमित अभ्यास कराया जायेगा। संयुक्त परेड की फायनल रिहर्सल भी होगी।




**आकर्षक झांकियाँ निकलेंगी**-मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय झांकियाँ भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। यह झांकियाँ स्वच्छता अभियान, वन्य प्राणी चीता, सीएम राइज स्कूल, जल जीवन मिशन एवं हेल्थ व वेलनेश इत्यादि सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित होंगी। जिला पंचायत, जेल, कृषि, आदिम जाति कल्याण, वन, शिक्षा, उद्योग, महिला-बाल विकास, पीएचई, नगर निगम, स्मार्ट सिटी स्वास्थ्य, उद्यानिकी, पशुपालन, सामाजिक न्याय विभाग आदि विभागों की झाँकियाँ शामिल रहेंगी।सम्मान के लिये शासकीय सेवकों के नाम 18 जनवरी तक मांगेगणतंत्र दिवस को एसएएफ ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागो के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तिवारी ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों व एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने अधीनस्थ ऐसे दो-दो शासकीय सेवकों के नाम सम्मानित होने के लिये भेजें जिन्होंने अपने कार्य के माध्यम से सुशासन की अवधारणा को मूर्तरूप दिया है। नामों के साथ संबंधित अधिकारी द्वारा किये गए कार्य का उल्लेख भी अवश्य किया जाए। अपर कलेक्टर एचबी शर्मा ने कहा कि शासकीय सेवकों के नाम 18 जनवरी तक हर हाल में कलेक्ट्रेट में भेजना सुनिश्चित करें।

## व्हाइट हाउस के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ग्वालियर के व्यापार को नई दिशा दें : भावन दास दयानी



मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के निर्वाचन 2023 के व्हाइट से सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ग्वालियर के व्यापार को नई दिशा दें। हमारा अनुभव है कि व्हाइट हाउस के जो भी प्रत्याशी जीतकर आये, उन्होंने सदैव व्यापार हित में कार्य किया है। वे सेवा की भावना से संकल्प लेकर कार्य करते हैं। यह बात माधवगंज क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाई भावनदास दयानी ने कही। कड़क सर्दी में 87 वर्ष के श्री भावनदास जी व्हाइट हाउस द्वारा छहों प्रताशियों को विजयी बनाने के लिए आयोजित की गयी बैठक में अपना संबोधन दे रहे थे। इस अवसर पर बाराघाटा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबरन सिंह तोमर, लक्ष्मीबाई महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष अल्का श्रीवास्तव, लॉयन्स के वरिष्ठ सदस्य सुनील शर्मा, व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सदस्य जी.एल. भोजवानी ने भी खुलकर व्हाइटस हाउस के प्रत्याशियों का समर्थन करते हुए कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को नई दिशा देने के लिए छहों प्रताशियों का विजयी होना जरूरी है

# छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के लिए किया जागरूक



**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारा भी सार्वजनिक स्थानों, स्कूल कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के लिये लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया द्वारा सोमवार को पुरानी छावनी स्थित सेंट जॉन वियान्नी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी और मोटिवेशनल स्पीच देकर उन्हे आगे बड़ने का हौसला भी दिया। इस अवसर पर लगभग 300 छात्र-छात्राएं व कोचिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) ने सोमवार को सेंट जॉन वियान्नी स्कूल के छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने और ऑनलाईन फ्रॉड से कैसे बचा जाए इसके संबंध में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष आने वाली सायबर क्राईम संबंधी शिकायतों को भी साझा किया। उनके द्वारा उपस्थित स्टूडेंट को ऑनलाईन फ्रॉड से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया गया और बताया गया कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी अंजान वीडियो कॉल या मैसेज लिंक को खोलकर न देखे और न ही अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी को दें। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्होंने बताया कि किस प्रकार आपात स्थिति में इसका उपयोग किया जा सकता है। श्री डण्डोतिया ने कहा कि मोटिवेशन से स्टूडेंट के अन्दर आगे बड़ने का जज्बा पैदा होता है, जो लोग पड़ाई करने के बाद भी अच्छे नम्बर नही ला पाते और असफलता से टूट जाते हैं उन्हें कई बार मोटिवेषन की जरूरत होती है जिससे स्टूडेंट को आगे बड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जिंदगी में यदि आगे बड़ना है तो कभी भी किसी पर निर्भर मत रहो, क्योंकि मंजिल उन्ही को मिलती है जो मेहनत करते हैं और अपने पैरों पर खड़े होते हैं।

# ग्वालियर व्यापार मेले में रेल प्रदर्शनी का उद्घाटन

मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के दिशानिर्देशन में ग्वालियर व्यापार मेले में स्थापित रेल प्रर्दशनी का आज मनोज कुमार सिंह जनसंपर्क आधिकारी झांसी द्धारा विधिवत उदघाटन किया गया 7 श्री सिंह द्धारा मेले में लगी रेल प्रदर्शनी से सम्बंधित थीम व अन्य प्रदर्शन सामग्री का विस्तृत विश्लेषण उपस्थित सैलानियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसकी सभी उपस्थित सैलानियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंशा की गयी । उक्त रेल प्रदर्शनी को झांसी मंडल जनसंपर्क विभाग द्धारा स्थापित किया गया है 7 जिसमे विभिन्न विभाग द्धारा प्रदर्शित रेल माडल तथा फोटो गैलरी भी सजाई गयी है । जिसमें क्क्षष्ट द्वारा स्क्रैप से बनाए गए मॉडल में भोलू दा गार्ड, विस्टाडोम कोच, ब्लैक ब्यूटी स्टीम इंजन मॉडल सहित संरक्षा सम्बंधित प्रदर्शन ने सभी सैलानियों का मन मोह लिया। वैसे भी रेल सभी जनमानस हेतु एक महत्वपूर्ण तथा अभिन्न अंग है। इस बात को ध्यान में रखते हुए रेल प्रदर्शनी में स्टीम इंजन काल से इलेक्ट्रिक इंजन तक के विस्तार के साथ साथ, नए भारत के नए व पुनर्विकसित स्टेशन भी दर्शाए गए हैं द्य इसके अतिरिक्त ग्वालियर स्टेशन का नया विकास प्लान विस्तृत जानकारी सहित दर्शकों हेतु उपलब्ध कराया गया है । स्क्षष्ट वॉल के माध्यम से भी हर संभव जानकारी सैलानियों के मध्य साझा करने का उत्तम प्रयास किया गया है । प्रदर्शनी में दर्शको हेतु वतर्मान एवं भविष्य के साथ महत्वपूर्ण, उपयोगी जानकारियों को दर्शाया गया है । भारत की अत्याधुनिक व तीव्रतम गति से सचालित होने वाली वंदे भारत ट्रेन का वर्किंग बच्चों के साथ दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके साथ ही रेलकर्मियों द्वारा बनाए गई पेंटिंग और *एक स्टेशन एक उत्पाद* स्टॉल मॉडल भी सराहा जा रहा है। इसके साथ सिवरेज ट्रीटमेंट का मॉडल के साथ ही बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने वाले उपकरण भी दर्शकों में कौतूहल उत्पन्न कर रहे है। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में जनसंपर्क निरीक्षक प्रदीप सुड़ेले, मुख्य वाणिज्य अग्रवाल, अभिषेक घोरपड़े, मनमोहन सिंह, पवन सिंह, पवन




निरीक्षक राघवेंद्र कुशवाहा, मुख्य खानपान निरीक्षक सुशील कुशवाहा द्वारा अहम भूमिक निभाई गई है 7

# नियमित रूप से न खुलने वाली उचित मूल्य की दुकानों को निरस्त करें : तिवारी

**ग्वालियर।** जो शासकीय उचित मूल्य की दुकानें नियमित रूप से नहीं खुलती हैं और ठीक ढंग से संचालित नहीं हो रही हैं, उन्हें निरस्त करें। साथ ही अन्य संस्थाओं को इन उचित मूल्य की दुकानों की जिम्मेदारी विधिवत रूप से सौंपे, जिससे किसी भी उपभोक्ता को राशन मिलने में दिक्कत न हो। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सीईओ तिवारी ने शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने पर जोर दिया। साथ ही ग्रामीण अंचल की कुछ उचित मूल्य की दुकानों के नियमित रूप से न खुलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित एसडीएम व जिला आपूर्ति नियंत्रक को निद्रेश दिये कि जिन संस्थाओं पर एक से अधिक उचित मूल्य की दुकानों की जिम्मेदारी है, उन पर विशेष ध्यान दें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित दिवसों पर हर गांव की उचित मूल्य की दुकान खुले, जिससे किसी भी उपभोक्ता को राशन के लिये बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तिवारी ने सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ समय-सीमा (टीएल) वाले आवेदनों के निराकरण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में टीएल के आवेदनों के निराकरण की विशेष रूप से समीक्षा की जाएगी। श्रवण बाधित स्कूली



बच्चों के कानों की विशेष जांच जिला विकलांग एवं पुनर्वास केन्द्र में करने के निर्देश भी तिवारी ने दिए। उन्होंने कहा कि यह जांच जल्द से जल्द कराएँ, जिससे इन बच्चों को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। बैठक में खेलों इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, संबल-2.2, माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही, समझौते से समाधान तथा सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478